# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

# फोर्स की मौजूदगी में एकला बंधे पर गिरा कूड़ा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नगर निगम प्रशासन कई दिनों वाद कूड़ा निस्तारण की समस्या से पार पा लिया है। फोर्स की मौजूदगी में शुक्रवार से एकला वंधे पर फिर से कूड़ा गिराया जाना शुरू हो गया है। कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन पुलिस और पीएसी के जवानों के चलते उनकी एक न चली।



पीएसी लगाकर एकला बन्धे पर कूड़े का निस्ताराण कराते नगर निगम के अधिकारी। फोटो : एसएनबी

एकला वंधे पर कूड़ा गिरना शुरू होने से नगर निगम के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। सुवह ही एकला वंधा छावनी में तव्दील हो गया। नगर निगम के अधिकारी भी पहुंच गए। नगर निगम की कूड़ा लदी गाड़ियां एकला वंधे पर पहुंचना शुरू कर दीं। कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन विफल रहे। कई दिनों से हलकान हो रहे नगर निगम के अधिकारियों ने कूड़ा गिराने का विरोध करने वालों के खिलाफ अव सख्त रुख अपनाने का फैसला किया है।

नगर निगम की जमीनों पर कूड़ा गिराने का विरोध करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। नगर आयुक्त के साथ उप नगर आयुक्त संजय शुक्ला, मुख्य अभियन्ता सुरेश चन्द, सहायक नगर आयुक्त वैभव त्रिपाठी, नगर निगम इंफोर्समेंट टास्क फोर्स के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, सफाई निरीक्षक एसएस गुप्ता, महेश चन्द एवं रामविजय, सुनील सिंह, स्टेनो नगर आयुक्त वृजेश तिवारी उपस्थित रहे।

**रविवार को एकला बंधे पर श्रमदान करेंगे नगर निगम के अधिकारी :** रविवार को नगर आयुक्त व निगम के अन्य अधिकारी एकला वंधे पर श्रमदान करेंगे। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने वताया कि रविवार को सुवह आठ वजे से नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एकला वंधे पर श्रमदान किया जाएगा। इस दौरान पौधरोपड़ भी किया जाएगा। वंधे की सड़क की सफाई एवं सुधार कार्य भी होगा। साथ ही पूरी सड़क एवं उसके आसपास के क्षेत्र में विसंक्रमण क; लिए फगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव एवं डस्टिंग कराया जाएगा।

सुबह से ही छावनी में तब्दील रहा एकला बंधा

बिना वजह विरोध करने वालों से सख्ती से निपटेगा निगम प्रशासन

नगर आयुक्त के साथ डटे रहे निगम के सभी अधिकारी

**चालकों को मिलेगा नकद इनाम :** एकला वंधा एवं वाघागाड़ा क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण में वेहतर कार्य करने पर पोकलेन वाहन चालक अभिनव एवं चन्द्रशेखर को नगर आयुक्त ने 1100-1100 रुपए का नगद इनाम देने की घोषणा की है।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपी की जमानत खारिज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैर इरादतन हत्या के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम करमहा उर्फ करमहिया निवासी आरोपी मोहम्मद मोहसिन पूरी की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यश पाल सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि पिपराइच थाना क्षेत्र के समदार खुर्द निवासी वादी सुरेंद्र तिवारी ने 29 नवंबर 2020 को अपनी पत्नी ज्ञानप्रभा की डिलेवरी के लिए उसे भटहट बाजार स्थित दीपराज हस्पिटल में भर्ती कराया।रात करीब 11.20 बजे एक बाहरी व्यक्ति को बुलाकर वादी की पत्नी का आपरेशन कराया गया।आपरेशन के बाद वादी को बताया गया की उसके बच्चे की मौत हो गई है। जब वादी ने आपरेशन करने वाले डाक्टर से मिलना चाहा तो पता चला कि आपरेशन करने वाला व्यक्ति फर्जी डाक्टर था और आपरेशन करने से ही उसके बच्चे की मौत हुई है। तभी से हस्पिटल संचालक, कर्मचारी और वह फर्जी डाक्टर वादी की पत्नी को प्रसव कक्ष में छोड़ कर फरार हो गए।

# मुठभेड़ की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कुख्यात अपराधी परवेज पुत्र सुबराती निवासी मकदूमनगर, थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर की 6 जून 2021 को लगभग 5.30 बजे मानीराम स्थित पुलिस मुठभेड़ में मृत्यु हो गयी थी, जिसकी मजिस्ट्रीयल जांच अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा की जा रही है। इस संबंध में अपर नगर मजिस्ट्रेट ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि उक्त जांच प्रकरण के संबंध में कोई भी लिखित या मौखिक साक्ष्य देना चाहे तो एक सप्ताह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय के न्यायालय में उपस्थित होकर दे सकता है।

# लूट और बैंक डकैती की योजना बनाते नौ बदमाश गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शहर के बैंक में डकैती डालने की योजना बना रहे अंतर प्रांतीय गिरोह के नौ बदमाशों को वृहस्पतिवार की आधी रात गोरखनाथ और क्राइम ब्रांच की टीम संयुक्त आपरेशन में स्प्रिंगर मोड़ के पास से दबोच लिया। देश के अलग-अलग राज्यों में घूमघूम कर वारदात करने वाले इस गिरोह ने गोरखपुर में अब तक दो वारदातों को अंजाम दिया था। गिरोह के एक सदस्य ने मनिंग वक पर निकली महिला से गोरखनाथ इलाके में चेन लूटी थी वहीं सुमेर सागर इलाके में व्यापारी के स्कूटी की डिग्गी से डेढ़ लाख रुपये उड़ा दिया था।



गोरखनाथ थाने में पुलिस टीम द्वारा वाहनों के साथ गिरफ्तार लुटेरे। फोटो : एसएनबी

**पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और यूपी के कई जिलों में वारदात को अंजाम देता था गिरोह**

**गोरखनाथ पुलिस और क्राइम ब्रांच के संयुक्त आपरेशन में पकड़े गए बदमाश**

**दो जुलाई की सुबह चेनस्नेचिंग, दोहपर को किए थे डेढ़ लाख की लूट**

**गिरफ्तार महिला वारदात के पहले करती थी रेकी, भेजी गयी जेल**

वृहस्पतिवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार ने बताया कि गोरखनाथ इलाके में पिछले कुछ दिनों से बढ़ी लूट की वारदात के बाद लुटेरों की तलाश में पुलिस सक्रिय थी। गोरखनाथ पुलिस और क्राइम ब्रांच को संयुक्त प्रयास से कामयाबी मिली। टीम ने 9 अंतरप्रांतीय लुटेरों को पकड़ने में सफल रही। इन लुटेरों ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र में 2 जुलाई को दो लूट की घटना को अंजाम दिया था। पहली घटना गोरखनाथ क्षेत्र के विस्तारनगर में एक महिला के साथ सुबह 5 तब हुई थी जब वह मार्निंग वक पर निकली थी। गिरोह के एक सदस्य ने महिला के गले से सोने की चेन खींच ली थी और पैदल ही फरार हो गया था। सीसी टीवी कैमरे में भागते हुए बदमाश की तस्वीर सामने आई थी। वहीं उसी दिन दोपहर बाद करीब एक सुमेरसागर पर पर हुई थी। स्कूटी की डिग्गी से एक व्यापारी से डेढ़ लाख रुपये बदमाशों ने उड़ा दिया था। एसपी सिटी ने बताया कि वृहस्पतिवार की रात करीब एक बजे गोरखनाथ इलाके के स्प्रिंगर मोड़ से टीम ने 9 लुटेरो को गिरफ्तार किया गया। गिरोह में एक महिला भी शामिल है। वह लूट से पहले रेकी करती थी। उसके बाद अन्य लोग वारदात को अंजाम देते थे। एसपी सिटी ने बताया कि अंतरप्रांतीय यह लुटेरे अलग-अलग स्थानों पर किराये के मकान होटलो में रह कर लूट करते थे। शहर में यह गिरोह सभी बैंक डकैती की योजना बना रहा था। तभी पुलिस ने सभी को दबोच लिया।

### गिरोह का सरगना मो. हसन

एसपी सिटी ने बताया कि लुटेरों के पास से लूट की दो बाइक, एक देशी तमंचा, एक कारतूस और 11 हजार रुपये बरामद किया गया है। हमला करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार लकड़ी का डंडा, सरिया, पाइप, दो कुल्हाड़ी और लोहे का सब्बल भी पुलिस ने बरामद किया है। उन्होंने बताया कि नौ सदस्यीय गिरोह का सरगना अलीगढ़ का मो हसन है। इनके खिलाफ, लूट, चोरी, सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस गिरोह ने अपना जो भी पता बताया है उसे भी वहां की पुलिस की मदद से तस्दीक कराया जाएगा।

## पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाश

- आकाश मलिक पुत्र दिपांकर मलिक निवासी उत्तम नगर पश्चिमी सीप बिहार मनं. ə03 थाना उत्तम नगर न्यू दिल्ली, वर्तमान पता साधना औषधालय रोड 26 नम्बर रेल गेट वार्ड 33 थाना लेक टाउन जिला नार्थ-24 परगना साउथ दमदम, पश्चिम बंगाल।
- आलामीन शेख पुत्र जहूर अली शेख निवासी 11 नं. साधना औषधालय रोड कोलकाता वार्ड नं.ə33 थाना लेक टाऊन जिला नार्थ 24 परगना साऊथ दमदम मुंसीपल्टी पश्चिम बंगाल।
- सोहाग मुंशी पुत्र कबीर मुंशी निवासी एə39 मण्डावली थाना मण्डवली न्यू दिल्ली वर्तमान पता-अपने खाला मो. रफीक पानीपथ,पहलवान चौक अशोक बिहार कालोनी जिला पानीपथ हरियाणा।
- धोलू मलिक पुत्र शाहा मलिक निवासी मनं. ə04 हनुमान मन्दिर जेजे कालोनी थाना नरला जिला रोहनी, न्यू दिल्ली।
- रहीम कुरैशी पुत्र तसलीम कुरैशी निवासी ग्राम शिवपुरी,पोस्ट अतरौली, थाना छर्रा जिला अलीगढ़,उत्तर प्रदेश।
- मो. हसन पुत्र मो शहाबुद्दीन निवासी ग्राम शिवपुरी पोस्ट अतरौली, थाना छर्रा जिला अलीगढ़ ,उत्तर प्रदेश ।
- मो. शहीद पुत्र नुरे इस्लाम निवासी ग्राम शिवपुरी, पोस्ट अतरौली, थाना छर्रा जिला अलीगढ़ ,उत्तर प्रदेश ।
- हायात खाँन पुत्र आमिर खाँन निवासी मनं. ə121 बी मदर डेरी रोड विजय नगर (झुग्गी मे) थाना विजय नगर जिला गाजीयाबाद , उत्तर प्रदेश।
- नसीमा बेगम पत्नी मो. मुकीम निवासी सीमन मनी झाला चौक थाना सिट्टी जिला अररिया किशनगंज, बिहार।

# पीपीगंज से चोरी हुआ ट्रैक्टर बिहार से बरामद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पीपीगंज थानाक्षेत्र के जंगल कौड़िया टोला भवनभारी से 28 जून की दरमयानी रात महेंद्र सिंह का चोरी गया ट्रैक्टर पुलिस ने बिहार प्रांत के पश्चिमी चंपारण जिले के एक गांव से बरामद किया। इस दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त भागने में सफल रहे। पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पीपीगंज प्रतिनिधि के मुताबिक जंगल कौड़िया टोला भवनभारी गांव निवासी महेंद्र सिंह का ट्रैक्टर 28 जून की दरमयानी रात चोरी हो गया। 29 जून की भोर में इसकी जानकारी महेंद्र को हुयी। तहरीर के आधार पर पीपीगंज पुलिस अज्ञात चोरों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 379 के तहत केस दर्ज कर सुरागरसी में जुट गयी। सर्विलांस और मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने ट्रैक्टर और उसे चुराने वालों का पता लगा ली। पुलिस ने ट्रैक्टर को विहार राज्य के जिला वेतिया (पश्चिमी चंपारण) अन्तर्गत थाना सिक्टा के हरीपुर धर्मपुर टोला बरदहो से ट्रैक्टर को बरामद की। इस दौरान आरोपित भाग निकलने में कामयाब रहे। पुलिस ने दर्ज मुकदमे में धारा 411 आईपीसी की बढ़ोत्तरी की है। गुडवर्क टीम में उनि विनय कुमार सिंह, उनि सदानंद सिन्हा, कां. उपेंद्र सिंह यादव व मनीष कुमार थाना पीपीगंज शामिल रहे। इस संबंध में पीपीगंज थानेदार सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर को बिहार से बरामद किया गया है। आरोपितों का नाम प्रकाश में आया है जिनकी तलाश की जा रही है।



पीपीगंज पुलिस द्वारा बरामद किया गया चोरी का ट्रैक्टर। फोटो : एसएनबी

**प्रकाश में आये अभियुक्तों की पुलिस कर रही तलाश**

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार : सीओ

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। आगामी त्यौहार को लेकर थाना चौरी चौरा में क्षेत्राधिकारी जगत राम कन्नोजिया की अध्यक्षता में पीस कमेटी की आवश्यकता वैठक किया गया। वैठक में उपस्थित लोगों से अपील करते वताया गया कि आप लोग कोविड 19 का पालन करते हुए शान्ति पूर्ण ढंग से भाई चारे की तरह मिलजुल कर त्यौहार को मनाए । किसी प्रकार की समस्या हो तत्काल पुलिस को सूचना दे।

**त्योहार में किसी प्रकार का खलन बर्दास्त नहीं : इकरार अहमद**

पीस कमेटी की वैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों को संवोधित करते हुए कहा कि आप लोग आगामी त्योहार को कोविडगाईड लाइन का पालन करते हुए आपस में मिल जुलकर भाई चारे कीतरह शान्ति पूर्ण ढंग से मनाएं। वकरीद के दिन आप लोग खुले में वलि नही देंगे, अपने अपने घरों में वलि देंगे। वलि के दौरान उस स्थान पर चुने गिराकर साफ सफाई रखें एवं जो भी कचरा हो उसे गड्ढा खोदकर दफन कर दें। आप लोग जिम्मेदारी पूर्वक कोविड गाईड लाइन का पालन करते हुए शान्ति पूर्व ढंग से त्यौहार को मनाए। थाना प्रभारी इकरार अहमद ने कहा कि आप लोगों को किसी प्रकार की कभी कोई समस्या हो तत्काल पुलिस को सूचना दे। त्यौहार में खलन डालने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर दरोगा जय प्रकाश यादव, प्रमोद कुमार गौतम, अजय कुमार यादव, विकास नाथ, राजेंद्र यादव, रविसेन यादव, वंश वहादुर यादव, हेड कांस्टेवल हीरा लाल, अनिल राय, श्याम मिलन यादव, गिरिजेश सिंह, अमित वर्मा, अच्छेलाल साहू, प्रमोद पासवान, अनिरुद्ध पासवान, सुमन्त निषाद, वृजकिशोर यादव, ववलू असलम, मजीद अली, सोनू वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



थाना चौरी चौरा में पीस कमेटी की बैठक करते क्षेत्राधिकारी जगत राम कन्नोजिया।

# बकरीद के मद्देनजर पुलिस ने लोगों से किया संपर्क



आगामी त्योहारों के सन्दर्भ में गोरखनाथ थाना क्षेत्र में आम जनमानस के साथ बैठक करते प्रशासनिक अधिकारी।

**रसूलपुर के जामा मस्जिद में सीओ गोरखनाथ और अपर नगर मजिस्ट्रेट के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ हुई बैठक**

गोरखपुर(एसएनबी)। आगामी वकरीद त्योहार के मद्देनजर पुलिस मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की है कि वह त्योहार भाईचारा से मनाये। वृहस्पतिवार को गोरखनाथ इलाके के जामा मस्जिद में इलाके के मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ सीओ गोरखनाथ की अगुवाई में वैठक की है। शहर के गोरखनाथ इलाके के रसूलपुर, अजय नगर भट्ठा मोहल्ला मुस्लिम वाहुल्य है। ऐसे में वकरीद त्योहार को सकुशल संपन कराने के लिए आज सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह, अपर सिटी मजिस्ट्रेट और एसओ गोरखनाथ रामाज्ञा सिंह की अगुवाई में इलाके का भ्रमण किया गया। इस दौरान स्थानीय सभासद गण, पीस कमेटी के सदस्य और स्थानीय नागरिकों के साथ खासकर दशहरी वाग, रसूलपुर, अजय नगर आदि क्षेत्रों में पुलिस पैदल गश्त कर आमजन से संपर्क और संवाद भी किया॥

# दो वाहनों पर एक ही नंबर प्लेट लगाकर चलता था जालसाज

**GORAKHPUR (16 July):** कैंपियरगंज क्षेत्र में एक जालसाज काफी दिनों से दो बाइकों पर एक ही नंबर प्लेट लगाकर चल रहा था. शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया. आरोपित नंदकिशोर जायसवाल कुई रावतगंज का निवासी है. पुलिस के मुताबिक वह चोरी की बाइक पर अपनी बाइक का नंबर प्लेट लगाकर चलता था. चोरी की बाइक का प्रयोग अपराध के लिए करता था.

### शोर मचाने पर भागे

सुरस गांव के महुई चौराहे पर गुरुवार रात ग्रामीणों ने दो युवकों को संदिग्ध परिस्थिति में देखा था. ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों बाइक छोड़कर भाग गए थे. पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर वाहन मालिक नंदकिशोर को तलाशती हुई उसके घर कुई रावतगंज पहुंची देखा कि वहां पहले से एक बाइक खड़ी है और उसका भी नंबर वही है. नंदकिशोर ने कहा कि उसकी बाइक घर पर है. पुलिस को किसी और की बाइक मिली होगी.

### चोरी की निकली बाइक

पुलिस ने नंदकिशोर के घर खड़ी बाइक के चेचिस नंबर के आधार पर छानबीन की तो पता चला कि वह बाइक चोरी की है. महुई चौराहे पर मिली बाइक नंदकिशोर की थी. पूछताछ में नंदकिशोर ने पुलिस को बताया कि दूसरी बाइक चोरी की है. वह उसका प्रयोग मोबाइल छिनैती सहित छोटे-मोटे आपराधिक वारदातों में करता था. पुलिस ने दोनों बाइकों को सीज करते हुए नंदकिशोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया. पुलिस ने दूसरे युवक को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है.

# डॉलर का झांसा देकर लूट लेते थे शातिर

**टप्पेबाजी करने वाला गैंग अरेस्ट, 8 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 July):** शहर में परदेसी बदमाशों का बसेरा होने लगा है. रोजगार के बहाने शातिर लोगों को लूट, स्नेचिंग और टप्पेबाजी का शिकार बना रहे हैं. डॉलर का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपए की जालसाजी करने की जांच करने पर गैंग का पर्दाफाश हुआ, तब हकीकत सामने आई. गैंग महिला सदस्य रेकी करके पुरुषों को लूट और छिनैती के लिए जानकारी देती थी. एसपी सिटी सोनम कुमार और सीओ रत्नेश सिंह ने बताया कि बदमाशों के पास से लूट, टप्पेबाजी की नकदी, चोरी की बाइक, अवैध असलहे और कारतूस भी बरामद हुए हैं. गैंग से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में पुलिस की टीम लगी है. पुलिस का दावा है गैंग के सदस्य बैंक में डाका डालने की तैयारी कर चुके थे.

### लूट लिया डेढ़ लाख

गोरखनाथ और शाहपुर एरिया में लगातार चेन लूट की वारदातें हो रही थीं. इस बीच धर्मशाला चौकी प्रभारी धीरेंद्र राय को एक सूचना मिली. कुशीनगर जिले के मीर विहार पिपरा निवासी उपेंद्र कुशवाहा राप्ती नगर मोहल्ले में रहकर किराना शॉप चलाते हैं. उपेंद्र ने पुलिस को बताया कि एक दिन एक युवक उनकी दुकान पर पहुंचा. उसने खुद को सुहाग बताते हुए 20 डॉलर दिखाया. उपेंद्र से कहा कि यदि तुम कुछ रुपए का इंतजाम कर दो तो तुम्हें 10 लाख के डॉलर दे दूंगा. अधिक कमाने के लालच में आकर उपेंद्र अपने पैसे गवां बैठा.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर.

### योजना बनाते पकड़ा गया गैंग

- सर्विलांस की मदद से धर्मशाला चौकी प्रभारी ने जांच शुरू कर दी.
- गुरुवार की रात एक बजे बदमाशों की लोकेशन स्प्रिंगर मोड़ तिराहे के पास मिली.
- सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह की अगुवाई में एसएचओ रामाज्ञा सिंह, एसआई धीरेंद्र राय और क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर ली.
- पुलिस ने आठ युवक और महिला को पकड़ लिया.
- पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह लोग डकैती की योजना बना रहे थे.
- इसके पहले शहर में कई लूट और चेन स्नेचिंग कर चुके हैं.
- मौका देखकर टप्पेबाजी भी करते हैं.
- दो जुलाई को उन लोगों ने विस्तार नगर, बरगदवां में चेन स्नेचिंग की थी.
- सुमेर सागर में डॉलर के बहाने किराना दुकानदार को बुलाकर लूटपाट की.
- बदमाशों ने पीपीगंज और गोरखनाथ सहित कई जगहों पर वारदात करने की बात कबूल की.
- इस दौरान यह सामने आया कि गैंग के सदस्य दिनरात घूम-घूमकर रेकी करते हैं.
- मौका मिलने पर लूटपाट करके फरार हो जाते हैं.

### इनको किया गया अरेस्ट

- आकाश मलिक पुत्र दिपांकर मलिक
- आलामीन शेख पुत्र जहूर अली शेख
- सोहाग मुंशी पुत्र कबीर मुंशी
- धोलू मलिक पुत्र शाहा मलिक
- रहीम कुरैशी पुत्र तसलीम कुरैशी
- मो. हसन पुत्र मो शहाबुद्दीन
- मो. शहीद पुत्र नूरे इस्लाम
- हयात खान पुत्र आमिर खान
- नसीमा बेगम पत्नी मो.मुकीम

### शहर में बाहरी बदमाशों का डेरा

विभिन्न मामलों में लोकल बदमाशों की तलाश में लगी पुलिस को बाहरी अपराधी मिल रहे हैं. रामगढ़ताल एरिया में पुलिस गुजरात और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बदमाशों का गैंग पकड़ चुकी है. गुरुवार की रात गोरखनाथ एरिया में पकड़े गए बदमाशों का कनेक्शन बंगाल, दिल्ली, हरियाणा और बिहार से जुड़े हुए हैं. दो मामलों में बाहरी गैंग के पकड़े जाने के बाद से पुलिस चौकन्नी हो गई है. शहर में ये बदमाश रोजगार की तलाश के बहाने घूमकर रेकी करते हैं.

**"डकैती की योजना बनाते हुए बदमाशों का गैंग पकड़ा गया है. उनसे पूछताछ में जो जानकारी मिली है. उसके आधार पर जांच की जा रही है.**

**सोनम कुमार,** एसपी सिटी

## तमंचा लेकर दिखा रहा था दबंगई

गुलरिहा एरिया में खपड़हवा के पास देसी शराब की दुकान पर तमंचा लहरा रहे युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया. गुरुवार की रात उसके बारे में पुलिस को जानकारी मिली. आरोपित युवक की पहचान महराजगंज, पनियरा एरिया के गांगी बाजार निवासी सोनू सैनी उर्फ खद्दू के रूप हुई. वह असलहा दिखाकर शराब पीने की कोशिश में लगा था.

# सरकार का खौफ, बदमाशों से खाली हो गया गोरखनाथ

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 July):** यूपी की सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था अपराधी या तो अपराध छोड़ देगा या यूपी. अपराध तो हो रहे हैं, लेकिन सीएम के खौफ के चलते गुंडों ने अपने एरिया छोड़ दिए हैं. सिटी के गोरखनाथ एरिया से सबसे अधिक बदमाशों ने घर छोड़ा है. उनकी लोकेशन न मिलने पर पुलिस टीम ऑपरेशन नाइट हंट चलाएगी. फरार बदमाशों में कई कुख्यात भी हैं, जिनके बारे में सही जानकारी नहीं मिल पा रही. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जिले में 1225 लुटेरे और 1499 चोर सिरदर्द बने हैं. उनकी निगरानी के लिए डाटा तैयार कर लिया गया है. इसी डाटा के आधार पर कार्रवाई की जाएगी.



**गोरखनाथ में लापता हुए सबसे अधिक शातिर, अब पुलिस ही करेगी उनकी तलाश**

**1225 लुटेरे और 1499 चोर बने सिरदर्द, पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम और पता**

### गोरखपुर में 2336 हत्यारोपी

जिले में 15 साल के भीतर हुई मर्डर की घटनाओं में 2336 को चिन्हित किया गया है. डोजियर में हत्यारोपियों का पूरा डाटा फीड कराया गया है. मर्डर करने वालों की फेरहिस्त खंगालने पर इनको तत्काल जाना जा सकेगा. चोरी करके पुलिस के लिए सिरदर्द बने 1494 चिन्हित किए गए हैं. जबकि जून माह के अंत तक लूटपाट करने में 1225 बदमाशों का नाम सामने आया है. किसी तरह की घटना होने पर पुलिस इनको तत्काल ट्रैक कर लेगी. इसके आधार पर जांच का दायरा बढ़ा जाएगा.

### गोरखनाथ में सबसे ज्यादा खौफ

15 साल से एक्टिव बदमाशों का डाटा तैयार करने के दौरान यह सामने आया कि गोरखनाथ एरिया से सबसे ज्यादा बदमाश फरार हैं. पुलिस की छानबीन में ना तो बदमाशों के बारे में जानकारी मिली. न ही उनके घरवालों ने पुलिस को सूचना दी. इन भगोड़ों में हिस्ट्रीशीटर से लेकर अन्य तरह के शातिर हैं. सीओ गोरखनाथ ने बताया कि छानबीन के दौरान यह बात सामने आई है. माना जा रहा है कि पुलिस की सक्रियता की वजह से बदमाशों ने घर छोड़ा है.

| | |
|---|---|
| जिले में कुल चिन्हित किए गए बदमाश | 12144 |
| गोरखपुर के निवासी कुल बदमाश | 6952 |
| अन्य जनपदों में रहने वाले बदमाश | 1725 |
| अन्य दूसरे राज्यों के रहने वाले शातिर | 376 |
| विदेश से संबंधित अपराधी | 35 |

जिले के कुछ बदमाशों का डाटा बेस **5835**

**बदमाश हुए फरार**

| | |
|---|---|
| गोरखनाथ | 145 |
| तिवारीपुर | 74 |
| शाहपुर | 67 |
| राम्गढ़ताल | 64 |
| कैंट | 59 |
| राजघाट | 58 |
| गुलरिहा | 48 |
| खोराबार | 47 |
| कोतवाली | 43 |
| चिलुआतल | 18 |

**"जांच के दौरान यह पुष्टि हुई है कि गोरखनाथ एरिया में सबसे ज्यादा बदमाश गायब हैं. उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. जल्द ही उनका डाटा अपडेट कर लिया जाएगा.**

**दिनेश कुमार पी,** एसएसपी

लापता बदमाश **1117**

**15 साल में चिन्हित किए गए इतने अपराधी**

| | |
|---|---|
| हत्या के आरोपित | 2336 |
| चोरी | 1494 |
| लूट | 1225 |
| नकबजनी | 849 |
| व्हीकल चोरी | 669 |
| डकैती | 140 |
| डकैती ,लूट के लिए हत्या करने वाले | 107 |
| चेन स्नेचिंग | 82 |
| फिरौती के लिए अपहरण | 39 |

FACT CHECK

## एक नजर में

### नकली पिस्टल लगाकर दुकान पर पहुंचे युवक, गिरफ्तार

**पीपीगंज** : पीपीगंज स्थित एक दवा की दुकान पर शुक्रवार शाम नकली पिस्टल लगाकर पहुंचे बगहीभारी निवासी व जसवल बाजार निवासी युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जांच में पिस्टल नकली मिला। शाम पांच बजे दोनों नकली पिस्टल के साथ दवा की दुकान पर पहुंचे। दुकानदार ने असली पिस्टल समझकर पुलिस को सूचना दे दी।(जासं)

### पुलिस ने लूट के आरोपित को किया गिरफ्तार

**मुंडेरा बाजार**: चौरीचौरा पुलिस ने मुंडेरा बाजार के सुनील वर्मा की अंगूठी व नगदी लूट के आरोप में आमकोल निवासी चंदन शर्मा को शुक्रवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। सुनील ने आरोप लगाया कि बीते 10 जुलाई को वह अपनी बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार दो व्यक्तियों ने उसे रोककर चार हजार रुपये व सोने की अंगूठी लूट ली। पीड़ित ने दो दिन बाद इसकी सूचना थाने को दी थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने राहुल शर्मा को जेल भेज दिया था। (जासं)

### बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**हरपुर बुदहट** : हरपुर बुदहट के खड़हादेउर प्राथमिक विद्यालय के पास से बीते 14 जुलाई को संतकबीरनगर के महुली के काली जगदीशपुर निवासी श्रीनाथ की बाइक चोरी हो गई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। (जासं)

## चोरी की स्कूटी संग एक अरेस्ट

**GORAKHPUR** : कैंट पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर तम्कुही रोड तिराहे के पास चेकिंग के दौरान चोरी की स्कूटी संग एक व्यक्ति को अरेस्ट किया. कैंट इंस्पेक्टर सुधीर सिंह, जटेपुर चौकी प्रभारी इत्यानंद पांडेय के साथ चेकिंग पर निकले थे. तभी पुलिस को देखकर एक स्कूटी सवार तेजी से भागने लगा. पुलिस ने रोका तो उसके पास गाड़ी का कोई पेपर नही मिला. आरोपित की पहचान तिवारीपुर के इलाहीबाग, आजाद नगर निवासी शाहिद के रूप मे हुई.

# संवाद से रोकेंगे गांवों का अपराध : एडीजी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गोरखपुर जोन पुलिस संवाद से गांवों के अपराध रोकने की तैयारी कर रही है। वह अगले सप्ताह से ग्राम प्रधान, बीट पुलिस अफसर के साथ आनलाइन गोष्ठी करेंगे। प्रत्येक गांव के अपराध की प्रकृति जानने की कोशिश की जाएगी और प्रधान से निदान पूछकर उस पर बीट कांस्टेबल से मंथन किया जाएगा। पुलिस विपक्षी प्रत्याशियों के साथ भी गोष्ठी करेगी। इतना ही नहीं पुलिस ग्राम प्रधान से अनुरोध करेगी कि वह ग्राम पंचायत में पुलिस को कोई ऐसा कमरा उपलब्ध कराएं अथवा निर्माण कराएं, जहां पुलिस कर्मी घंटे-दो घंटे के लिए बैठ सकें। पुलिस गांवों में रुकेगी तो गांव के लोगों से उसका बेहतर तालमेल होगा।

पुलिस की यह पहल अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगी। इसकी शुरुआत गोरखपुर के बांसगांव सर्किल से होने जा रही है। जोन पुलिस का मानना है कि गांव के निरंतर संपर्क में रहने से पुलिस को गांव के अधिकांश गतिविधियों की जानकारी रहेगी। घटना के प्राथमिक स्तर पर पुलिस सक्रिय होगी तो गांवों की अधिकांश बड़ी घटनाओं को रोका जा सकेगा।



गूगल मीट पर व्यापारियों से चर्चा करते एडीजी जोन अखिल कुमार ● जागरण

एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधान व विपक्षी प्रत्याशी संग गोष्ठी हर मायने में लाभप्रद है। एक दिन में एक सर्किल क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों संग गोष्ठी कर ली जाएगी। आठ दिन के भीतर गोरखपुर जिले के सभी ग्राम प्रधानों संग गोष्ठी हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के अपराध में कमी आने से पुलिस को बड़ी राहत मिलेगी। गोरखपुर जोन में 12 हजार से अधिक ग्राम पंचायतें हैं। करीब 25 हजार बीट पुलिस अफसर व 12 हजार से अधिक चौकीदार हैं। गांव में एक कमरा मिलेगा तो वहां पुलिस के अलावा राजस्व के भी कर्मचारी रुक सकेंगे, इससे अधिकांश अपराध का निस्तारण गांवों में ही हो सकेगा।

## हाईवे पर सक्रिय गिरोह टैंकर से चुरा रहा तेल

**गोरखपुर :** बैतालपुर डिपो से तेल लेकर आने वाले टैंकर से पेट्रोल-डीजल की चोरी हो रही है। देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर जिले में सक्रिय गिरोह के सदस्य खुलेआम यह काम करते हैं। इसमें स्थानीय पुलिस की भी मिलीभगत है। पेट्रोल मालिकों की शिकायत पर एडीजी ने मामले की जांच शुरू करा दी है। एडीजी जोन अखिल कुमार ने जोन के व्यापारियों संग गूगल मीट पर गोष्ठी की, जिसमें सभी लोगों से सुरक्षा, जिले की पुलिस कार्यप्रणाली और कामकाज में आने वाली दिक्कत पर चर्चा हुई। पंप मालिकों ने शाम के समय पुलिस की गश्त बढ़ाने का आग्रह करते हुए तेल चोरी का मामला उठाया। एडीजी से कहा कि देवरिया के गौरीबाजार, कुशीनगर के हाटा और गोरखपुर के चौरीचौरा में हाइवे पर कई ऐसे ठिकाने हैं, जहां पर पेट्रोल-डीजल की चोरी होती है। इसकी वजह से पंप मालिकों का आर्थिक नुकसान होने के साथ ही हादसे की आशंका बनी रहती है।

**प्रतिदिन होती है हजारों लीटर की चोरी :** देवरिया के बैतालपुर से रोजाना सैकड़ों की तादाद में टैंकरों आवागमन होता है। तेल चुराने वाले गिरोह के सदस्य टैंकर चालकों की से मिलीभगत कर प्रतिदिन हजारों लीटर तेल चोरी करके बेच देते हैं इसके बदले में ड्राइवर और क्लीनर को रुपये दिए जाते हैं। एक साल पहले गोरखपुर के तत्कालीन एसएसपी डा. सुनील गुप्ता ने तेल चुराने वाले गिरोह पर शिकंजा कसा था, जिसके बाद गोरखपुर में चोरी बंद हो गई थी लेकिन गिरोह के सदस्य फिर सक्रिय हो गए हैं।

**मास्टर चाबी से खोलते हैं लाक:** डिपो से निकलकर टैंकर हाइवे से सटे गोदाम पर पहुंच जाते हैं। टैंकर के लाक की दो चाबी होती है। इनमें से एक डिपो और दूसरी पेट्रोल पंप पर होती है। तेल चुराने वाले गिरोह के सदस्य मास्टर चाबी के जरिये गोदाम पर लाक खोलकर हर टैंकर से 40-50 लीटर तेल निकाल लेते हैं।

> गोष्ठी में पंप मालिकों ने हाईवे पर टैंकर से पेट्रोल व डीजल चोरी होने का मामला उठाया था। संबंधित जिले के कप्तान को इसकी जानकारी देने के साथ ही कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **अखिल कुमार**, एडीजी जोन

# पीएसी की मौजूदगी में बांध पर गिरा कूड़ा

## नगर निगम ने ग्रामीणों से मांगी नवंबर तक की मोहलत, कल सुबह आठ बजे एकला बांध पर होगा श्रमदान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** 10 दिन बाद एक बार फिर एकला बांध पर शहर का कूड़ा गिरने लगा है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए बांध पर पीएसी की तैनाती की गई थी। कूड़ा गिरता देख कुछ ग्रामीण पहुंचे तो पुलिस की मौजूदगी में नगर निगम के अफसरों ने नवंबर तक की मोहलत मांगी है। इस बीच नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने नगर निगम के सभी अफसरों व कर्मचारियों को रविवार को एकला बांध पर श्रमदान को कहा है। अफसर और कर्मचारी बांध की सफाई के साथ ही पौधारोपण भी करेंगे।

पांच जुलाई को ग्रामीणों ने एकला बांध पर शहर का कूड़ा गिराना रोक दिया था। बहरामपुर के ग्रामीणों का कहना था कि नगर निगम प्रशासन हर बार चार महीने बाद कूड़ा न गिराने का आश्वासन देकर चार साल से कूड़ा गिरा रहा है।

कूड़े के साथ ही जानवरों को भी बांध पर फेंक दिया जाता है। इससे दुर्गंध फैलती है। पानी इतना खराब हो चुका है कि नहाने में भी इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। अफसरों ने सफाई और जानवरों का शव न फेंकने का आश्वासन दिया फिर भी ग्रामीण नहीं माने तो पीएसी की मदद ली गई।

**सुबह राप्ती पुल पर खड़े हो गए थे वाहन:** कूड़ा लदे वाहन शुक्रवार सुबह ही राप्ती पुल पर खड़े हो गए थे। नगर निगम के अफसर भी वहीं आ गए। तीन थानों की पुलिस और पीएसी के जवान आए तो अफसर एकला बांध पर पहुंचे।

**दो चालकों को 11-11 सौ का इनाम:** नगर आयुक्त ने एकला बांध और बाघागाढ़ा बांध पर अच्छा काम करने वाले नगर निगम के चालक अभिनव और चंद्रशेखर को 11-11 सौ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इस दौरान उप नगर आयुक्त संजय शुक्ल, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, सहायक नगर आयुक्त वैभव त्रिपाठी, प्रवर्तन बल के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव, सफाई निरीक्षक एसएस गुप्ता, महेश चंद, रामविजय, सुनील सिंह, स्टेनो बृजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



एकला बांध पर नगर निगम द्वारा कूड़ा गिराने का विरोध कर रहे ग्रामीणों को समझाते नगर निगम और पुलिस के अधिकारी, कूड़ा गिराए जाने को लेकर कई दिनों से यहां तनातनी बनी हुई थी इसलिए निगम को पीएसी का सहारा लेना पड़ा ● जागरण

> एकला बांध पर ग्रामीणों से बात कर कूड़ा गिराना शुरू कर दिया गया है। रविवार को नगर निगम के सभी अफसर व कर्मचारी सुबह आठ बजे एकला बांध पर श्रमदान करेंगे। इस दौरान पौधारोपण के साथ ही बांध की सड़क की सफाई व सुधार कार्य कराया जाएगा। पूरे इलाके में एंटीलार्वल और सोडियम हाइपो क्लोराइट का छिड़काव कराया जाएगा। साथ ही फागिंग भी कराई जाएगी।
> **अविनाश सिंह,** नगर आयुक्त

### लालडिग्गी में पांच एकड़ जमीन में बनेगा डंपिंग ग्राउंड

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** लालडिग्गी में मोती जेल के सामने नगर निगम की पांच एकड़ जमीन पर कूड़ा गिरने का रास्ता साफ हो गया है। अंग्रेज इस जमीन पर बंदियों से काम कराते थे। एक व्यक्ति ने जमीन पर अपना हक बताते हुए महिलाओं को सामने कर प्रदर्शन शुरू किया था। प्रशासन की टीम ने जांच कर उसके दावे को खारिज कर दिया है। अब एकला बांध के साथ नगर निगम प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इस जमीन पर भी कूड़ा निस्तारित करने की तैयारी में जुट गया है। बीते सप्ताह एकला बांध पर ग्रामीणों ने कूड़ा गिराने का विरोध शुरू कर दिया था। दो दिन कूड़ा गिरा इसके बाद एक व्यक्ति ने जमीन के 13 डिसमिल हिस्से को अपना बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। नगर निगम के अफसरों के समझाने के बाद भी जब वह नहीं माना तो कूड़ा गिराया जाना बंद कर दिया। गुरुवार को राजस्व विभाग और नगर निगम की टीम ने जांच की। महापौर सीताराम जायसवाल ने बताया कि जांच में जमीन को अपना बताने वाले का दावा खारिज कर दिया गया। फिलहाल कूड़ा निस्तारण के लिए वैकल्पिक जमीन के रूप में इसके इस्तेमाल की तैयारी है।

#### यह है मोती जेल का इतिहास

लालडिग्गी बिजली उपकेंद्र के सामने एक बड़ी सी चहारदीवारी कभी राजा बसंत सिंह की हुआ करती थी। अंग्रेजों ने बाद में इसे जेल बना दिया। पुरानी जेल या मोती जेल के नाम से यह जगह प्रसिद्ध है।
जेल के सामने राप्ती नदी के किनारे जमीन पर अंग्रेज बंदियों को लेकर जाते थे और काम कराते थे। इस जमीन पर वर्षों तक दर्जनों लोगों का कब्जा था।

# दो वाहनों पर एक ही नंबर प्लेट लगाकर चलता था जालसाज

**जागरण संवाददाता, कैंपियरगंज :** कैंपियरगंज क्षेत्र में एक जालसाज काफी दिनों से दो बाइकों पर एक ही नंबर प्लेट लगाकर चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपित नंदकिशोर जायसवाल कुईं रावतगंज का निवासी है। पुलिस के मुताबिक वह चोरी की बाइक पर अपनी बाइक का नंबर प्लेट लगाकर चलता था। चोरी की बाइक का प्रयोग अपराध के लिए करता था।

सुरस गांव के महुई चौराहे पर गुरुवार रात ग्रामीणों ने दो युवकों को संदिग्ध परिस्थिति में देखा था। ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों बाइक छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर वाहन मालिक नंदकिशोर को तलाशती हुई उसके घर कुईं रावतगंज पहुंची देखा कि वहां पहले से एक बाइक खड़ी है और उसका भी नंबर वही है। नंदकिशोर ने कहा कि उसकी बाइक घर पर है। पुलिस को किसी और की बाइक मिली होगी। पुलिस ने नंदकिशोर के घर खड़ी बाइक के चेचिस नंबर के आधार पर छानबीन की तो पता चला कि वह बाइक चोरी की है। महुई चौराहे पर मिली बाइक नंदकिशोर की थी। पूछताछ में नंदकिशोर ने पुलिस को बताया कि दूसरी बाइक चोरी की है। वह उसका प्रयोग मोबाइल छिनैती सहित छोटे-मोटे आपराधिक वारदातों में करता था। पुलिस ने दोनों बाइकों को सीज करते हुए नंदकिशोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने दूसरे युवक को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

**कार्रवाई**

- महुई चौराहे पर गुरुवार रात बाइक छोड़कर भाग गया था नंदकिशोर
- चोरी की बाइक पर अपनी बाइक का नंबर प्लेट लगाकर करता था अपराध

### पेट्रोल पंप संचालक ने लगाया धमकाने का आरोप

जासं, सहजनवां : नगर पंचायत के गुप्ता पेट्रोल पंप के संचालक व महानगर के धर्मशाला बाजार निवासी संजीव गुप्ता ने कुछ व्यक्तियों पर धमकी देने का आरोप लगाया है। कहा कि शुक्रवार शाम सवा पांच बजे पेट्रोल पंप पर कुछ लोग नशे में पहुंचे और गाली देने लगे। विरोध पर धमकी देते हुए भाग निकले। थानेदार राजप्रकाश सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# नशे की गोली के साथ दो पकड़े गए

गोरखपुर : रेलवे चौकी प्रभारी कुंवर गौरव सिंह ने गुरुवार रात रेलवे कालोनी के पास नशे की गोली के साथ दो युवकों को पकड़ लिया। मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। आरोपितों की पहचान राजघाट क्षेत्र के बसंतपुर, लालडिग्गी निवासी सुनील गौड़ और रोहित डोम के रूप में हुई।

**चोरी की स्कूटी के साथ युवक गिरफ्तार :** कैंट पुलिस ने शुक्रवार दोपहर में तमकुही तिराहा से चोरी की स्कूटी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि उसकी पहचान तिवारीपुर के इलाहीबाग, आजादनगर निवासी शाहिद अली के रूप में हुई।

# मुठभेड़ में घायल लुटेरा जेल गया

**जासं, गोरखपुर :** मुठभेड़ में घायल लुटेरे सूरज साहनी को शुक्रवार सुबह मेडिकल कालेज से छुट्टी मिल गई। हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के मामले में शाहपुर पुलिस ने दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। शाहपुर थानेदार आनंद प्रकाश ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश पिपराइच के जंगल सुभान अली निवासी सूरज साहनी और गांव के ही रहने वाले उसके साथी हरिकेश गौड़ के खिलाफ केस दर्ज कराया। मेडिकल कालेज में भर्ती सूरज को शुक्रवार सुबह उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।

**शाम को हुई वारदात, रात में मुठभेड़ :** शाहपुर के झरना टोला कोड़इया निवासी सुमन गुरुवार शाम छह बजे बाजार जा रही थीं। बदमाशों ने चेन खींच ली । सुमन के भाई सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मचारी हैं, वह गायत्री नगर में परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार को घर पर कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने सुमन दिल्ली से बुधवार को गोरखपुर आयी थीं। रात में कौआबाग के पास शाहपुर थानेदार आनंद प्रकाश और पादरी बाजार चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने बदमाशों को घेर लिया। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लग गई और दूसरा फरार हो गया।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**जासं, गोरखपुर :** गैर इरादतन हत्या के आरोप में जिला व सत्र न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम करमहा उर्फ करमहिया निवासी आरोपित मोहम्मद मोहसिनपुरी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। मोहसिनपुरी पर आरोप है उसने बिना किसी डिग्री के खुद को डाक्टर बताकर महिला का आपरेशन कर प्रसव कराया। इस दौरान महिला के नवजात शिशु की जान चली गई।

अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी सुरेंद्र तिवारी पिपराइच थाना क्षेत्र के समदार खुर्द का निवासी है। 29 नवंबर 2020 को वह पत्नी ज्ञानप्रभा को प्रसव के लिए भटहट बाजार स्थित दीपराज हास्पिटल लेकर गए। वहां अस्पताल संचालक ने उसे पहले बताया कि उसकी पत्नी की स्थिति ठीक है। आपरेशन की आवश्यकता नहीं है। रात करीब 11.20 बजे एक बाहरी व्यक्ति को बुलाकर उसने सुरेंद्र की पत्नी का आपरेशन करा दिया। आपरेशन के बाद सुरेंद्र को बताया गया की उसके बच्चे की मौत हो गई है।

# बैंक डकैती की साजिश रचते नौ बदमाश गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बैंक में डकैती की योजना बना रहे नौ अंतरराज्यीय बदमाशों को क्राइम ब्रांच व गोरखनाथ थाने की पुलिस ने गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। पूरे देश में घूमकर वारदात करने वाले गिरोह ने गोरखनाथ क्षेत्र में दो वारदात की थी। पकड़े गए आरोपित दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा व बिहार के अलावा गाजियाबाद और अलीगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी सोनम कुमार ने शुक्रवार दोपहर गोरखनाथ थाने में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गुरुवार रात क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि गोरखनाथ में लूट करने वाले बदमाशों का गिरोह स्प्रिंगर स्कूल मोड़ के पास है। सूचना पर टीम ने गोरखनाथ थानेदार रामाज्ञा सिंह के साथ घेराबंदी कर नौ लुटेरों को



गोरखनाथ पुलिस के हत्थे चढ़ा लूट करने वाला अंतरराज्यीय गिरोह ●सौ. पुलिस मीडिया सेल

## कार्रवाई

- दिल्ली, बिहार, बंगाल, हरियाणा गाजियाबाद के हैं आरोपित
- दो जुलाई की सुबह चेन, दोपहर में की थी डेढ़ लाख रुपये की लूट

दबोच लिया। इन लुटेरों ने दो जुलाई की सुबह गोरखनाथ के विस्तार नगर में महिला की चेन और दोपहर में सुमेर सागर के रहने वाले व्यापारी की स्कूटी की डिग्गी से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए थे। आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल, 24 परगना साउथ दमदम हाल मुकाम नई दिल्ली, उत्तम नगर सीप बिहार निवासी आकाश मलिक, 24 परगना साउथ दमदम के मुंसीपल्टी निवासी आलामीन शेख, हरियाणा के पानीपत, पहलवान चौक अशोक बिहार निवासी सोहाग मुंशी, नई दिल्ली के रोहनी, नरला जेजे कालोनी निवासी धोलू मलिक, अलीगढ़ के छर्रा थाना क्षेत्र स्थित शिवपुरी निवासी रहीम कुरैशी, मोहम्मद हसन, मोहम्मद शहीद, गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित डेरी रोड निवासी हायात खान और बिहार, अररिया के सिट्टी थानाक्षेत्र स्थित झाला चौक निवासी नसीमा बेगम के रूप में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि गिरोह की महिला सदस्य लूट से पहले रेकी करती है। उसके बाद अन्य लोग वारदात को अंजाम देते हैं। यह लोग होटल में रुके थे।

### गिरोह का मुख्य सरगना मो. हसन अलीगढ़ का निवासी

एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से लूट की दो बाइक, एक तमंचा, एक कारतूस, 11 हजार रुपये, डंडा, सरिया, पाइप, दो कुल्हाड़ी और लोहे का सब्बल बरामद हुआ। अलीगढ़ का रहने वाला मो. हसन गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ लूट, चोरी के कई केस दर्ज है।

## कुख्यात अपराधी के मुठभेड़ में मौत की मजिस्ट्रियल जांच

गोरखपुर : कुख्यात अपराधी परवेज के मुठभेड़ में मौत की मजिस्ट्रियल जांच हो रही है। जांच कर रहे अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय ने बताया कि अंबेडकरनगर जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के मकदूमनगर निवासी कुख्यात अपराधी परवेज पुत्र सुबराती छह जून 2021 को मानीराम स्थित पुलिस मुठभेड़ में मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण के संबंध में कोई भी व्यक्ति एक सप्ताह में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय के कोर्ट में साक्ष्य दे सकता है। (जासं)

## चार अक्टूबर तक 144 लागू

गोरखपुर : अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने विभिन्न त्योहारों, परीक्षाओं के आयोजन तथा कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के के लिए जिले के महानगरीय क्षेत्र से संबंधित थाना क्षेत्रों में चार अक्टूबर तक धारा 144 लागू कर दिया है। (जासं)

# दूर हुई कूड़े के निस्तारण की समस्या

## एकला बांध पर नवंबर तक कूड़ा गिराने के लिए ग्रामीणों ने दी सहमति

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शहर से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण की समस्या फिलहाल दूर हो गई है। एकला बांध पर नवंबर तक कूड़ा गिराने के लिए नगर निगम को ग्रामीणों ने सहमति दे दी है। पुलिस बल की मौजूदगी में एकला बांध पर कूड़ा गिराने का काम शुरू कर दिया गया है। नगर निगम, जिला प्रशासन के अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों से वार्ता के बाद कूड़ा निस्तारण पर सहमति बनी।

नगर निगम की गाड़ियों को एकला बांध पर कूड़ा गिराने से ग्रामीण 10 दिनों से रोक रहे थे। इस दौरान नगर निगम प्रशासन शहर के विभिन्न इलाकों में कूड़ा डंप कर रहा था। शुक्रवार को नगर आयुक्त अविनाश सिंह, एसडीएम, इंफोर्समेंट टीम प्रभारी कर्नल सीपी सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची।

ग्रामीणों से कई स्तर की वार्ता के बाद सहमति बन गई। निर्णय लिया कि अब तक जहां कूड़ा गिराया जा रहा था, उससे कुछ दूर आगे गिराया जाएगा। पांच सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो नियमित रूप से वहां सफाई और छिड़काव का काम करेंगे।



एकला बांध पर अब तक जहां कूड़ा गिराया जा रहा था, शुक्रवार को नगर निगम की ओर से वहां सफाई कराई गई। संवाद



एकला बांध पर नवंबर तक कूड़ा गिराने की ग्रामीणों ने सहमति दी है। शुक्रवार को यहां नगर निगम के वाहन पहुंचे और कूड़ा निस्तारित किया गया। संवाद

### बेहतर काम के लिए दो पोकलेन चालकों को 1100-1100 नकद ईनाम

**नगर** आयुक्त ने पोकलेन वाहन चालक अभिनव और चंद्रशेखर को एकला बांध एवं बाघागाढ़ा पर अच्छा कार्य करने पर 1100-1100 रुपये नगद ईनाम की घोषणा की। मौके पर उप नगर आयुक्त संजय शुक्ला, मुख्य अभियन्ता सुरेश चन्द, सहायक नगर आयुक्त वैभव त्रिपाठी, कर्नल सीपी सिंह, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी अखिलेष कुमार श्रीवास्तव, सफाई निरीक्षक एसएस गुप्ता, महेश चंद एवं रामविजय, सुनील सिंह, बृजेश तिवारी भी उपस्थित थे।



### एक सप्ताह तक तैनात रहेगी पुलिस

**उप** नगर स्वास्थ्य अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम प्रशासन ने बांध पर एहतियातन एक सप्ताह तक कुछ पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध पुलिस महकमे से किया है। कूड़ा लेकर जो भी गाड़ियां आएंगी, उनके साथ पांच सफाई कर्मचारी भी आएंगे। बांध से सटे कुछ स्थानों पर बड़े-बड़े छह गड्ढे भी भरे जाएंगे।

### एकला बांध पर निगम के अधिकारी करेंगे श्रमदान

**नगर** आयुक्त अविनाश सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह 8:00 बजे नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एकला बांध पर श्रमदान किया जाएगा। इस दौरान पौधरोपण के अलावा बंधे की सड़क की सफाई एवं सुधार का कार्य भी किया जाएगा। साथ ही पूरी सड़क एवं उसके आसपास के क्षेत्र में विसंक्रमण की कार्रवाई करते हुए फॉगिंग, एंटी लार्वा

## अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बांसगांव।** पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म और जालसाजी करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज किया था और आरोपी के तलाश में जुटी थी। आरोपित की पहचान बांसगांव के खजहिया निवासी कैलाश यादव के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि आरोपित शुक्रवार को माल्हनपार के पास मौजूद है। सूचना पर गई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ब्यूरो

## चोरी गया ट्रैक्टर बिहार से बरामद

**पीपीगंज।** पुलिस ने चोरी गए ट्रैक्टर को बिहार से बरामद कर लिया है। स्थानीय पुलिस के सहयोग से बरामद ट्रैक्टर को गोरखपुर लाया गया है। जानकारी के मुताबिक, 29 जून को महेंद्र सिंह ने ट्रैक्टर चोरी का केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में पता चला कि बिहार के पश्चिमी चंपारण के बेतिया में चोरी के ट्रैक्टर को छिपाया गया है। चौकी प्रभारी जंगल कौड़िया विनय सिंह ने बताया कि बिहार पुलिस की मदद से ट्रैक्टर को बरामद कर लाया गया है। ब्यूरो

## युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बड़हलगंज पुलिस ने शुक्रवार को 1.2 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान बड़हलगंज के सेमराखुर्द निवासी राजनाथ यादव के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर मनोज राय ने बताया कि आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है। ब्यूरो

## नशीले पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर रेलवे कॉलोनी अंडर पास के पास से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उनके पास से 318 नशीली गोलियां मिलीं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपितों की पहचान राजघाट क्षेत्र के बसंतपुर, लाल डिग्गी निवासी सुनील गौड़ और रोहित डोम के रूप में हुई। इंस्पेक्टर सुधीर सिंह ने बताया कि सुनील पर कैंट थाने में आबकारी अधिनियम और वर्ष 2016 में हत्या कोशिश आदि धारा में मुकदमा दर्ज है जबकि रोहित पर कैंट थाने में पहले से चार मुकदमा दर्ज है। ब्यूरो

## गैर इरादतन हत्या के आरोपित की जमानत खारिज

**गोरखपुर।** गैर इरादतन हत्या के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गा नारायन सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम करमहा उर्फ करमहिया निवासी आरोपी मोहम्मद मोहसिन पूरी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि पिपराइच थाना क्षेत्र के समदार खुर्द निवासी वादी सुरेंद्र तिवारी ने 29 नवंबर 2020 को अपनी पत्नी ज्ञानप्रभा की डिलेवरी के लिए उसे भटहट बाजार स्थित दीपराज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। रात करीब 11.20 बजे एक बाहरी व्यक्ति को बुलाकर वादी की पत्नी का ऑपरेशन कराया गया। ऑपरेशन के बाद वादी को बताया गया की उसके बच्चे की मौत हो गई है। जब वादी ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर से मिलना चाहा तो पता चला कि ऑपरेशन करने वाला व्यक्ति फर्जी डाक्टर था। तभी से हॉस्पिटल संचालक व कर्मचारी वादी की पत्नी को प्रसव कक्ष में छोड़ कर फरार हो गए। ब्यूरो

## तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**गुलरिहा।** इलाके के खड़परवा के पास से बृहस्पतिवार की रात पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान महराजगंज के पनियरा इलाके के गांगी बाजार निवासी सोनू सैनी उर्फ खट्टू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# मुठभेड़ में घायल लुटेरा गया जेल, साथी की तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के पादरी बाजार के पास मुठभेड़ में घायल लुटेरे सूरज साहनी को पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। साथ ही उसके फरार साथी की तलाश तेज कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर थानेदार आनंद प्रकाश ने बृहस्पतिवार की रात मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश पिपराइच के जंगल सुभान अली निवासी सूरज साहनी और गांव के ही उसके साथी हरिकेश गौड़ के खिलाफ केस दर्ज कराया। मेडिकल कॉलेज में भर्ती सूरज को शुक्रवार की सुबह उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। दोपहर बाद पुलिस उसे कोर्ट ले गई जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि जालसाजी, छेड़खानी और आर्म्स एक्ट के मामले सूरज पहले भी जेल जा चुका है। मालूम हो कि

## पादरी बाजार में बृहस्पतिवार की रात हुई थी मुठभेड़

बृहस्पतिवार की शाम में एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना हुई थी। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में थी कि रात में कौवा बाग पुलिस चौकी के पास बदमाशों को पुलिस ने घेर लिया लेकिन बदमाश पुलिस को चकमा देकर पादरी बाजार की ओर भागने लगे। शाहपुर इंस्पेक्टर और पादरी बाजार चौकी इंचार्ज दीपक सिंह ने बदमाशों का पीछा किया तो पीछे बैठे बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की।

मोहनापुर के आगे लल्ला चौराहा से बदमाश भागे तभी उनकी बाइक फिसल गई और वह गिर गए। पुलिस को नजदीक आता देख बदमाशों ने फिर से फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी थी जबकि उसका साथी फरार हो गया था।

# किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**चौरीचौरा।** दो वर्ष से फरार चल रहे अपहरण के आरोपित को चौरीचौरा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान कुशीनगर के कुबेर स्थान इलाके के कोहरवालिया निवासी शुभम तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, चौरीचौरा के एक गांव से 15 अक्तूबर 2019 को एक किशोरी को लेकर शुभम फरार हो गया था। परिजनों ने 18 अक्तूबर को केस दर्ज कराया था। तभी से पुलिस को उसकी तलाश थी।

मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित सोनबरसा बाजार में दिखा है। सूचना पर एसआई प्रणव ओझा, कांस्टेबल प्रिंस यादव व महिला कांस्टेबल रानी प्रजापति पहुंचे और किशोरी व आरोपी पकड़ लिए। आरोपी को जेल भेजा गया है और किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा गया है। ब्यूरो

# शहर में चार अक्तूबर तक धारा 144 लागू

**गोरखपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने विभिन्न त्योहार, परीक्षाओं के आयोजन तथा कोरोना संक्रमण को रोकने के दृष्टिगत जिले के महानगरीय परिसीमा क्षेत्र से संबंधित थाना क्षेत्रों में चार अक्तूबर तक धारा 144 लागू कर दिया है। ब्यूरो

# बैंक डकैती की साजिश रच रहे नौ बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

## अंतरप्रांतीय बदमाशों का गिरोह पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार में भी कर चुका है वारदात

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बैंक डकैती की साजिश रच रहे अंतरप्रांतीय बदमाशों के गिरोह के नौ सदस्य को बृहस्पतिवार रात पुलिस ने स्प्रिंगर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और यूपी के कई जिलों में वारदात करने वाले इस गिरोह ने गोरखपुर में अब तक दो वारदात को अंजाम भी दिया था। वह बड़ी वारदात की साजिश पर काम कर रहे थे।

एसपी सिटी सोनम कुमार व सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने गोरखनाथ थाने में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात गोरखनाथ पुलिस और क्राइम ब्रांच को संयुक्त प्रयास से कामयाबी मिली। टीम ने नौ अंतर प्रांतीय लुटेरों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। इन लुटेरों ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र में दो जुलाई को दो लूट की घटना को अंजाम दिया था। पहली घटना गोरखनाथ क्षेत्र के विस्तार नगर में एक महिला के साथ सुबह पांच तब हुई थी जब वह मार्निंग वाक पर निकली थी। गिरोह के एक सदस्य ने महिला के गले से सोने की चेन खींच ली और पैदल ही फरार हो गया था। सीसी टीवी कैमरे में भागते हुए बदमाश की तस्वीर सामने आई थी। वहीं उसी दिन दोपहर बाद करीब एक घटना सुमेरसागर पर हुई थी। स्कूटी की डिग्गी से एक व्यापारी से डेढ़ लाख रुपये बदमाशों ने उड़ा दिए थे। एसपी सिटी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात करीब एक बजे गोरखनाथ इलाके के स्प्रिंगर मोड़ से टीम ने नौ लुटेरों को गिरफ्तार किया। गिरोह में एक महिला भी शामिल है। वह लूट से पहले रेकी करती थी। उसके बाद अन्य लोग वारदात को अंजाम देते थे। एसपी सिटी ने बताया कि अंतरप्रांतीय यह लुटेरे अलग-अलग स्थानों पर किराये के मकान होटलों में रह कर लूट करते थे।



बृहस्पतिवार रात गिरफ्तार किए गए अंतरप्रांतीय बदमाशों के बारे में जानकारी देते पुलिस के अधिकारी। अमर उजाला

### मोहम्मद हसन है गिरोह का सरगना

**अलीनगर** का मोहम्मद हसन गिरोह का सरगना है। लुटेरों के पास से लूट की दो बाइक, एक तमंचा, एक कारतूस और 11 हजार रुपये बरामद किया गया है। हमला करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार लकड़ी का डंडा, सरिया, पाइप, दो कुल्हाड़ी और लोहे का सब्बल भी पुलिस ने बरामद किया है। इनके खिलाफ, लूट, चोरी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस गिरोह ने अपना जो भी पता बताया है, उसे भी वहां की पुलिस की मदद से तस्दीक कराया जाएगा।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

- आकाश मलिक निवासी उत्तम नगर पश्चिमी सीप बिहार मकान नंबर 03 थाना उत्तम नगर न्यू दिल्ली, वर्तमान पता साधना औषधालय रोड 26 नंबर रेल गेट वार्ड 33 थाना लेक टाउन जिला नार्थ -24 परगना साउथ दमदम, पश्चिम बंगाल
- आलामीन शेख निवासी 11 न. साधना औषधालय रोड कोलकाता वार्ड न.-33 थाना लेक टाऊन जिला नार्थ 24 परगना साउथ दमदम मुंसीपल्टी पश्चिम बंगाल।
- सोहाग मुंशी निवासी ए-39 मंडावली थाना मंडवली, न्यू दिल्ली वर्तमान पता : अपने खाला मो. रफीक पानीपत, पहलवान चौक अशोक बिहार कॉलोनी, जिला-पानीपत हरियाणा
- धोलू मलिक निवासी म.न. -04 हनुमान मंदिर जेजे कॉलोनी थाना नरला जिला रोहनी न्यू दिल्ली
- रहीम कुरैशी निवासी ग्राम शिवपुरी, पोस्ट अतरौली, थाना छर्रा जिला अलीगढ़, यूपी
- मो. हसन निवासी ग्राम शिवपुरी पोस्ट अतरौली, थाना छर्रा जिला अलीगढ़, यूपी
- मो. शहीद निवासी ग्राम शिवपुरी, पोस्ट अतरौली, थाना छर्रा जिला अलीगढ़, यूपी
- हायात खां निवासी म.न. 121 बी मदर डेरी रोड विजय नगर (झुग्गी में) थाना विजय नगर, गाजियाबाद, यूपी
- नसीमा बेगम निवासी सीमन मनी झाला चौक थाना सिट्टी जिला अररिया किशनगंज, बिहार।

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि० 17/7/21

# तीन गोवंश बरामद, दो गिरफ्तार

**बनकटा (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुन्दरपार भटवलिया पांडेय गांव के पास से बनकटा पुलिस ने शुक्रवार को वध के लिए तीन गायों को पिकप गाड़ी पर लाद कर बिहार ले जाते समय मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त बिहार के सिवान जिले के धनौती थाना क्षेत्र के खगौरा गांव के निवासी है जिनका नाम क्रमशः मोहम्मद इजराह अली पुत्र मोहम्मद मेराज अहमद तथा छोटे अली पुत्र मोहम्मद इब्राहिम अली बताया जाता है।

पुलिस ने बरामद पिकप गाड़ी बीआर 04 क्यू 9962 तथा गायों को कब्जे में लेकर तस्करों को धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत जेल भेज दिया। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र कनौजिया हेड कांस्टेबल इबरार अहमद कांस्टेबल योगेंद्र सिंह यादव कांस्टेबल शशि प्रकाश होमगार्ड सुनील कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा।




पुलिस की गिरफ्त में तस्कर। फोटो : एसएनबी

हिन्दुस्तान दि. 17/7/21

# प्रोजेक्ट मैनेजर के खिलाफ चार्जशीट देने के निर्देश




विकास भवन के गांधी सभागार में शुक्रवार को निर्माण कार्य परियोजनाओं की समीक्षा करते डीएम आशुतोष निरंजन। • हिन्दुस्तान

देवरिया | **निज संवाददाता**

विकास भवन के गांधी सभागार में शुक्रवार को डीएम आशुतोष निरंजन ने 25 लाख से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्य परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यो को समय और गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं।

डीएम ने कहा कि जिन कार्य परियोजनाओं में 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुके हों, उनके शेष कार्यो को इस माह में पूरा कराते हुए हैंडओवर की कार्रवाई कराएं। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं तथा संबंधित विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी है कि निर्माण कार्यों को पूरा कराने में आने वाली कठिनाईयां दूर कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं में धनराशि नहीं मिली है, वहां मेरे स्तर से शासन को पत्र भेजते धन की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने प्राचार्य और कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम उत्तर प्रदेश को मेडिकल कॉलेज के

## समीक्षा

- विकास भवन में डीएम ने की निर्माण कार्यो की प्रगति समीक्षा
- पयासी के निकट गंडक नदी पर हो रहा है सेतु निर्माण कार्य

चेकलिस्ट के अनुसार पूरा कराने का निर्देश दिया। डीएम ने सड़क निर्माण, आईटीआई भवन, गो-आश्रय केन्द्र, सेतु निर्माण, राजकीय पॉलीटेक्निक निर्माण कार्यो सहित संचालित सभी 25 लाख से अधिक के कार्य परियोजनाओं, तटबंधों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। सीडीओ शिव शरणप्पा जीएन ने कार्य परियोजनाओं के प्रगतियों से अवगत कराते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देशों का पालन करने की बात कही। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज, सीआरओ अमृत लाल बिन्द, सीएमओ डॉ. आलोक, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज एएम वर्मा, डीएसटीओ मनोज श्रीवास्तव, मृत्युंजय सहित कार्यदायी संस्था के कर्मचारी व

हिन्दुस्तान 17/7/21

# गोवंशीय पशुओं से भरी पिकअप समेत पांच दबोचे

**भाटपाररानी।** खामपार व बनकटा पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग जगह से तीन पिकअप समेत पांच पशु तस्करों को दबोच लिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने पांच गोवंशीय पशु भी बरामद किया है।

बनकटा पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के सुन्दरपार भटवलिया पांडेय गांव के पास से पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पिकअप पर लाद कर बिहार जा रहे तस्करों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान तीन गोवंश पशु बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिहार के सीवान जिले के धनौती थाना क्षेत्र के खगौरा गांव निवासी मोहम्मद इजराह अली पुत्र मोहम्मद मेराज अहमद व छोटे अली पुत्र मोहम्मद इब्राहिम अली के रूप में हुआ है। इसी तरह खामपार की पुलिस ने भी थाना क्षेत्र के टड़वा के निकट से मुखबिर से मिली सूचना पर दो पिकअप सहित दो गोवंश पशु बरामद की है। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए लोगों की पहचान गोपालगंज थाना मीरगंज सेमराव निवासी लालबाबू भगत पुत्र स्व शिवजी; खामपार थाना क्षेत्र के सरया टोला बैरियाडीह निवासी बृजेश यादव पुत्र स्वामीनाथ व अभिषेक पुत्र दीपक यादव निवासी सरया टोला बैरियाडीह थाना खामपार के रूप में हुआ है।

हिन्दुस्तान हि. 17/7/21

वित्त एवं लेखाधिकारी की गिरफ्तारी को हो रही छापेमारी, फर्जीवाड़ा मामले में 18 के खिलाफ दर्ज है केस

# पुलिस ने पत्रावलियों को अपने कब्जे में लिया

**बीएसए कार्यालय**

देवरिया | निज संवाददाता

फर्जीवाड़ा कर बिना अनुमोदन के ही शिक्षकों व कर्मचारियों के भुगतान के मामले की कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने बीएसए कार्यालय पर पहुंच कर इससे जुड़ी हुई पत्रावलियों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस की कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मचा रहा।

जिले में तैनात पूर्व बीएसए वर्तमान में सिद्धार्थनगर के डीआईओएस अवधेश नारायण मौर्य ने देवरिया जिले में दलालों द्वारा कुटरचना कर अनुमोदन पत्र लगाकर शिक्षक बनने की शिकायत गोरखपुर एसटीएफ से किया था। एसटीएफ के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बीएसए कार्यालय के वित्त एवं लेखाधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यालयों के प्रबंधक और दलाल समेत 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया और तीन शिक्षक समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। गोरखपुर के एडीजी ने मामले को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में 15 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। वहीं पहले से दर्ज मामले की विवेचना कर रही कोतवाली पुलिस ने भी अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार की दोपहर में मुकदमें के विवेचक कोतवाल राजू सिंह ने बीएसए कार्यालय पहुंच कर इससे संबंधित पत्रावलियों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस इस मामले में मास्टर माइंड दलाल और वित्त एवं लेखाधिकारी को खोज रही है। इसके लिए पुलिस ने कुछ जगह छापेमारी भी की है।




## कई अधिकारी व कर्मचारी फसेंगे

मामले की एसआईटी जांच शुरू होने से फर्जी शिक्षकों के अलावा बीएसए कार्यालय के कई अधिकारी व कर्मचारी भी फंसेंगे। विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर दलालों ने दर्जनों लोगों को अशासकीय सहायता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्ति कराई है।

# दूसरे के नाम पर नौकरी कर रहा शिक्षक बर्खास्त

देवरिया | निज संवाददाता

**कार्रवाई**

- बीएसए की जांच में फर्जी मिला था शिक्षक
- शिक्षक से वेतन वसूली भुगतान का निर्देश बीईओ को दिया

जिले के एक परिषदीय विद्यालय में दूसरे के नाम पर नौकरी कर रहे शिक्षक को बीएसए ने शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया। मामले में शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और अब तक भुगतान किए गए वेतन के वसूली की कार्रवाई का निर्देश बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी को दिया है। यह मामला मानव संपदा पोर्टल के जरिए पकड़ में आया था।

विकास क्षेत्र बरहज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरनौठा में कार्यरत सहायक अध्यापक सुनील कुमार सिंह के नाम से लखनऊ के एक परिषदीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षक का पता मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज विवरण से पता चला था। इसमें दोनो शिक्षकों का पिता का नाम, शैक्षिक अभिलेख और पैन आदि एक समान पाए गए थे। इसकी जानकारी होने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को 24 सितंबर 2020 को पत्र लिखकर पैन आधार और तीन साल का आयकर रिटर्न प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसके जवाब में शिक्षक ने पैन और आधार कार्ड प्रस्तुत किया पर तीन साल का आयकर रिटर्न प्रस्तुत नहीं कर सका। बेसिक कार्यालय में कड़ाई से पूछताछ करने पर सुनील कुमार सिंह ने अपना असली नाम जयकुमार सिंह पुत्र भरत सिंह और पता बामुसरा पयासी बताया। बीएसए ने शिक्षक सुनील सिंह द्वारा दी गयी जानकारी के सत्यापन बीईओ और थाना भटनी से कराया। दोनो जांच रिपोर्ट में सुनील सिंह नाम का कोई व्यक्ति बामुसरा पयासी क्षेत्र सलेमपुर में नहीं मिला। शिक्षक सुनील सिंह द्वारा अपना असली बताए नाम जयकुमार सिंह पुत्र भरत सिंह का निवास गांव में पाया गया। इसके बाद बीएसए ने 30 जून को पत्र लिखकर सुनील सिंह को पक्ष रखने का एक और अवसर दिया। इसका जवाब 14 जुलाई को बीएसए कार्यालय में प्राप्त हुआ। इसमें शिक्षक का उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद बीएसए ने शिक्षक सुनील कुमार सिंह को बर्खास्त कर दिया।

हिन्दुस्तान हिं 17/7/21

# हंगामा करने वाली महिला का शंतिभंग में चालान

देवरिया | निज संवाददाता

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष शुक्रवार को आपस में भिड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष की एक-एक महिला को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। इससे दूसरे पक्ष की एक महिला मां को कोतवाली ले जाने पर दूसरे पक्ष पर चेन की चोरी का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय में पहुंच कर हंगामा करने लगी। पुलिस ने शांतिभंग में उसका चालान कर दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के नाथ नगर मोहल्ला स्थित कांशीराम आवास की रहने वाली संगीता का पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस की रहने वाली एक महिला से शुक्रवार को विवाद हो गया। इस पर महिला की बेटी बबली बचाने गई तो दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे भी मारपीट दिया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची व दोनों पक्ष की एक एक महिला को हिरासत में लेकर कोतवाली गई। इसी बीच एसपी कार्यालय पहुंच एक महिला की बेटी दूसरे पक्ष पर चेन चोरी का आरोप लगाकर हंगामा करने लगी। इस पर एसपी कार्यालय पर तैनात पुलिस कर्मियों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दिया।

दैनिक जागरण दि. 17/7/21

# छह घंटे में बरामद हुआ चोरी का सामान

सोनूघाट, देवरिया : सोंदा में तेजबहादुर गुप्ता की मकान में भलुअनी के पैकोली गांव के रहने वाले संतोष हरिनंदन शर्मा किराएदार हैं। रात अपने परिवार सहित खाना खाने के बाद गर्मी से रूम में ताला बंदकर छत पर सोने चले गए। मकान मालिक तेज बहादुर गुप्ता भी परिवार सहित छत पर सोने चले गए। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे संतोष हरिनंदम शर्मा व मकान मालिक तेज बहादुर गुप्ता परिवार सहित नीचे आए तो रूम का ताला टूटा मिला। सामान तितर-बितर देखकर परेशान हो गए। संतोष हरिनंदन का चोर 3500 रुपये नगदी व एक मंगलसूत्र चुरा ले गए। मकान मालिक तेज बहादुर का एक सोने का नथिया व 24 हजार नगदी चुरा ले गए। जिसकी सूचना जेल चौकी पुलिस को दी गई।

अमर उजाला 17/7/21

# दो गोवंशीय मुक्त कराए

भाटपाररानी। खामपार पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर दो पिकप पर लदे दो गोवंशीय पशु ग्राम टड़वा ब्रह्म स्थान के पास से मुक्त कराया। तस्कर उन्हें बिहार ले जा रहे थे।

पुलिस ने तीन पशु तस्करों को भी पकड़ा और उन्हें गोवध अधिनियम मे जेल भेज दिया। पकड़े गए पशु तस्करों की पहचान लालबाबू भगत निवासी ग्राम सेमराव,थाना मीरगंज, जिला गोपाल गंज बिहार, बृजेश यादव व अभिषेक यादव निवासी गण सरया टोला बैरिया डीह,जिला देवरिया के रूप में हुई है। एसओ घनश्याम सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीनों पशु तस्करों को जेल भेज दिया गया है। संवाद

अमर उजाला 17/7/21

# चोरी के सामान के साथ महिला को पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

सोनूघाट। सदर कोतवाली क्षेत्र के सोंदा गांव में बृहस्पतिवार रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। गृहस्वामी की शिकायत पर जेल रोड चौकी की पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस मामले में पुलिस एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। जिसके पास से चोरी गए सामान बरामद हुआ है।

सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सोंदा गांव निवासी तेज बहादुर गुप्ता ने गांव के चौराहे पर स्थित अपने मकान में कुछ कमरे किराए पर दे रखा है। किरायेदार भलुअनी थाना क्षेत्र के पैकौली गांव निवासी संतोष हरिनंदन शर्मा को बृहस्पतिवार रात परिवार के साथ छत पर सोने चले गए। देर रात को बगल में पास की एक महिला ने रात को बगल के कमरों का ताला तोड़कर करीब 35 हजार नगद व एक मंगलसूत्र,मकान मालिक तेजबहादुर के रूम से एक नथिया, दो लाकेट व 24 हजार रुपये चुरा लिया। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे संतोष अपने परिवार सहित व तेजबहादुर नीचे रूम में आए तो वारदात का पता चला। सूचना पर जेल रोड पुलिस चौकी के इंचार्ज अनिल कुमार, दरोगा विनय सिंह, सिपाही विजय सहित आदि मौके पर पहुंचे। शक के आधार पर महिला के कमरे की तलाशी ली। यहां कई सामान बरामद हुए। बाद में पूछ ताछ के बाद महिला पुलिस के साथ कोतवाली भेज दिया गया। जेल चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अमर उजाला दि० 17/7/21

# बदमाशों की तलाश में बलिया जाएगी पुलिस

## मझवलिया पुलिया के पास कार लूट का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**वारदात को अंजाम देने से पूर्व बलिया के एक होटल में ठहरे थे बदमाश**

**खुखुंदू(देवरिया)।** मझवलिया गांव के पुलिया के पास से लूटी गई लग्जरी कार के मामले में पुलिस बदमाशों की पहचान करने के लिए बलिया जाएगी। वारदात को अंजाम देने से पूर्व बदमाश बलिया के एक होटल में ठहरे थे। वैसे पुलिस बदमाशों की धड़पकड़ के लिए सर्विलांस का भी सहारा ले रही हैं। अब देखना यह है कि पुलिस को कब तक सफलता मिल रही हैं। उधर, पुलिस ने अब तक इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

अमर उजाला फॉलोअप

लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के सीते बिहार कालोनी दुबग्गा निवासी पप्पू अली पुत्र शाकिर अली की स्विफ्ट डिजायर कार 11 जुलाई को तीन लोगों ने लखनऊ से देवरिया आने के लिए बुक कराई। पुलिस के मुताबिक, पप्पू अली कार लेकर जब देवरिया पहुंचे तो यहां से फिर तीनों ने चालक से बलिया में किसी से रकम पाने की बात कहकर वहां जाने के लिए कार बुक करा ली। बलिया से लौटते समय 13 जुलाई की देररात मझवलिया-गड़ेर मार्ग पर मझवलिया स्थित पुलिया के पास चालक का हाथ पैर बांधकर बदमाशों ने उसे पुलिया के नीचे फेंक दिया और कार लेकर भाग निकले।

चालक ने बुधवार को 112 पुलिस

चालक को लेकर घटना स्थल पर पहुंची। चालक ने पुलिस से पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। इसके बाद थाने पर भी पहुंच कर आप बीती बताई।

बदमाश जहां-जहां रुके थे, पुलिस उन ठिकानों पर पहुंचकर बदमाशों के बारे में जानकारियां जुटा रही हैं। पुलिस बलिया जाने की भी तैयारी में है। पुलिस का कहना है कि चालक ने बताया था कि बदमाश बलिया के एक होटल में ठहरे थे। पुलिस की निगाह अब उस होटल पर टिकी हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस होटल में जमा आईडी कार्ड और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के सहारे बदमाशों तक आसानी से पहुंच सकती है। बहरहाल जो भी हो पुलिस कार लूटकांड में बिना मुकदमा दर्ज किए ही तहकीकात कर रही है। पुलिस का कहना है कि चालक ने अभी तहरीर नहीं दी है। इस कारण मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया है। एसओ अनिल कुमार यादव ने बताया कि कार और बदमाशों की तलाश के लिए चिह्नित छापा मारा जा रहा। बलिया के होटल में भी जाकर जांच पड़ताल की जाएगी। जिससे बदमाशों की

अमर उजाला दि० 17.11.17

# गवाहों की सुरक्षा का होगा पुख्ता इंतजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

## जनपद में साक्षी सुरक्षा योजना के तहत बना सेल

साक्षी सुरक्षा योजना के तहत सेल का गठन किया गया है। अगर कोई गवाह सुरक्षा की मांग करता है तो उसको गनर दिया जाएगा। इससे गवाह निर्भीक गवाही दे सकेंगे। जागरूकता के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है। - **डॉ. श्रीपति मिश्र, एसपी**

देवरिया। बदमाश, दबंग किस्म और गैंगस्टर के खिलाफ कोर्ट में गवाही देने से अक्सर गवाह मुकर जाते हैं। ऐसे में आरोपितों को जुर्म की सजा नहीं मिल पाती और पुलिस की मेहनत पर भी पानी फिर जाता है। शातिर बाहर आने के बाद जरायम की दुनिया में अपनी धमक कायम कर लेते है। इस समस्या को देखते शासन के आदेश पर साक्षी सुरक्षा योजना के तहत गवाहों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। गवाहों की मांग पर उनको मुफ्त में पुलिस गनर देगी। जिससे उनकी जान माल की सुरक्षा हो सके। इसके लिए जनपद में साक्षी सुरक्षा योजना के तहत सेल बनाया गया है।

जनपद में अभी तक कई ऐसे मामले सामने आए है, जिसमें पुलिस ने बदमाशों पर संगीन अपराध में मुकदमा दर्ज किया। कोर्ट में गवाह ऐन मौके पर मुकर जाने के कारण वे बरी हो गए। साक्षी सुरक्षा योजना के तहत जिन गवाहों को जानमाल का खतरा होगा, उनके एक बुलावे पर पुलिस पहुंचेगी। अगर वह सुरक्षा की मांग करेंगे तो उनके साथ परछाई की तरह एक पुलिस जवान असलहा लेकर साथ रहेगा। गनर को इसके बदले में गवाह को रुपये नहीं देने होंगे। साक्षी सुरक्षा सेल को अधिकार होगा कि किस गवाह को सुरक्षा के लिए गनर देना है। इसके लिए एसपी ने सभी सीओ और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने- अपने क्षेत्र में गवाहों और लोगों के बीच इसके बारे में बताए, ताकि गवाहों के भीतर सुरक्षा भाव पैदा हो सके।

अमर उजाला दि० 17/7/21

# बीएसए दफ्तर पहुंची पुलिस और एसटीएफ, फाइलें कब्जे में लीं

## एसटीएफ ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** अनुदानित विद्यालयों में हुई शिक्षक भर्ती के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करने के लिए शुक्रवार को कोतवाली पुलिस बीएसए कार्यालय पहुंच गई। पुलिस ने इस मामले से जुड़ीं फाइलें जब्त की। दूसरी ओर एसटीएफ ने जिले में अपना डेरा जमा लिया है। टीम के सदस्य भी बीएसए दफ्तर पहुंचे और पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ ने छापा मारकर कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है।

11 जुलाई को एसटीएफ ने जिले के दो अनुदानित विद्यालयों में 19 शिक्षकों के फर्जी अनुमोदन से

### दो अनुदानित स्कूलों में 19 शिक्षकों के फर्जी अनुमोदन से नियुक्ति का मामला

नियुक्ति और एरियर भुगतान के मामले में अधिकारियों-कर्मचारियों की धन के बंदरबांट का पर्दाफाश किया था। मामले में एसटीएफ की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बीएसए कार्यालय के लेखाधिकारी समेत कुल 17 लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। उसी दिन पांच लोगों को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया था। हालांकि इस मामले में अभी भी लेखाधिकारी जगदीश लाल श्रीवास्तव फरार चल रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में डीआईओएस



कार्यालय के लेखाधिकारी अबरार आलम को प्रभारी लेखाधिकारी बनाया गया है। लेकिन उनके कार्यालय में नहीं बैठने से भुगतान से संबंधित सारे कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

शुक्रवार को मामले की जांच के लिए कोतवाली पुलिस बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंची। दो अनुदानित स्कूलों में हुए शिक्षक भर्ती मामले से जुड़े सारे अभिलेख प्राप्त किया। पुलिस ने लेखा अनुभाग से भी कुछ जरूरी कागजात हासिल कर चली गई। दूसरी तरफ एसटीएफ की टीम के सदस्य भी गिरोह से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी लेने के लिए बीएसए आफिस पहुंचे थे।

सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ ने छापा मारकर फर्जी अनुमोदन पत्र तैयार कर नौकरी पाने वाले कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है, जिनसे पूछताछ करने में टीम जुटी हुई है।

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि नियुक्ति से जुड़े अभिलेखों लेने के लिए कोतवाली पुलिस बीएसए कार्यालय गई थी। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि जांच से जुड़ी फाइलों को अपने कब्जे में लिया गया है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021



शुक्रवार को पडरौना के महिला थाना परिसर में हर्बल गार्डन में समर्थ नारी समर्थ भारत की महिलाओं ने पौधरोपण किया।

# पडरौना महिला थाना परिसर में लगा हर्बल गार्डन

**पडरौना।** समर्थ नारी समर्थ भारत कुशीनगर के पदाधिकारियों द्वारा पडरौना के महिला थाना परिसर में हर्बल गार्डन की स्थापना की गई। इसके तहत नीम, तुलसी, गिलॉय, अश्वगंधा सदाबहार, हरसिंगार, मेंहदी, पत्थर चूर, मीठा नीम, अलोब्रेरा आदि के औषधी से युक्त पौधों को लगाये गये। जिला संयोजिका अनीता सिंह ने कहा कि इन सभी पौधों को लगाने से हमें बेहतर स्वस्थ्य प्राप्त होगा। हर्बल गार्डन मनुष्य के सेहत को बेहतर बनाने में काफी मददगार साबित हुआ है। इस दौरान तिरावली गुप्ता, मंजू दुबे रेणुबाला सिंह के अलावा महिला थाने की टीम द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

# बैठक में एसओ ने व्यापारियों को दिए दिशा-निर्देश

अहिरौली बाजार | **हिन्दुस्तान संवाद**

अहिरौली बाजार एसओ संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को थाना परिसर में क्षेत्र के व्यापारियों के साथ बैठक की। एसओ ने व्यापारियों से दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश देते हुए कहा कि कभी-कभी संदिग्ध व्यक्ति दुकानों में सामान खरीदने आते हैं, ऐसे लोगों के बारे में आप सूचना उपलब्ध कराएं।

दुकान एवं मकान के ताले को मजबूती से बंद करने और शटर के बीच में सेंट्रल लॉक लगाने का निर्देश दिया। दुकान के दरवाजों में अलार्म टाइप यंत्रों का प्रयोग करने का निर्देश दिया। बैठक में गुड्डू यादव, सलीम खान, अवधेश यादव, राजकुमार मद्धेशिया, गजानन मोदनवाल, कमलेश सिंह, प्रेम सागर सिंह, देव पटेल, गोलू गामा सिंह, दीनानाथ वर्मा, संतोष कुमार, राम संवारे सिंह, सुभाष शर्मा, लक्ष्मण वर्मा, दिलीप मिश्रा, अजय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खड्डा क्षेत्र से घर से गायब किशोरी दिल्ली में बरामद हुई

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव से पांच दिन पूर्व एक महिला द्वारा गायब की गयी किशोरी दिल्ली में मिली है। इसकी जानकारी होने पर परिजन उसे लेने के लिए दिल्ली रवाना हुये हैं।

खड्डा के एक गांव निवासी एक युवक कुछ महीने पूर्व दूसरे गांव की एक लड़की को भगाकर शादी करके उसे घर लाया। जहां विवाहिता पड़ोस के ही एक व्यक्ति की नाबालिग लडकी से घुलमिल कर पांच दिन पूर्व गायब हो गई। दोनों के घरवालों ने काफी खोजबीन की। दोनों का कहीं पता नहीं चलने पर किशोरी के परिजन विवाहिता पर नाबालिग बेटी को कहीं ले जाकर उसे किसी के हवाले कर देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। तीन दिन बाद विवाहिता अकेली घर लौट आई तो किशोरी के परिजनों ने उससे अपनी बेटी के बारे में पूछा तो उसने किशोरी को साथ ले जाने के बात से इंकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी विवाहिता को थाने लाकर लडकी के बारे में पूछताछ करने लगी।

# बॉर्डर क्रास करते ही पकड़ी जा रही शराब की खेप

**सफलता**

पडरौना | **निज संवाददाता**

अब अंतरप्रांतीय शराब तस्कर जिले की पुलिस के हाथ नहीं लग पा रहे हैं। ऐसा इसलिए कि तस्कर फोरलेन के अलावा अन्य रास्तों से भी शराब की बड़ी खेप बिहार पहुंचा दे रहे हैं। तस्करों के लिए पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी चौकी के रास्ते बिहार पहुंचना महफूज हो गया है। शराब की खेप कब बिहार पहुंच जा रही है इसकी पुलिस को भनक तक नहीं लग रही है और बॉर्डर क्रास करते ही बिहार पुलिस को लगातार कामयाबी

## तस्करी

- फोरलेन के अलावा जिले के अन्य रास्तों से भी पहुंचायी जा रही खेप
- बांसी चौकी के रास्ते शराब की खेप बिहार पहुंचाना महफूज
- पुलिस को भनक नहीं लग रही, बिहार पुलिस पा रही सफलता
- बिहार प्रांत के सीमावर्ती थानों की पुलिस को मिल रही कामयाबी

मिल रही है।

गुरूवार को पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी चौकी के सामने से शराब की बड़ी खेप आसानी से बार्डर क्रास कर गयी। बिहार प्रांत के धनहा थाना क्षेत्र के गौतम बुद्ध सेतु पर वहां की पुलिस ने शराब बरामदगी में बड़ी कामयाबी हासिल की। धनहा पुलिस ने गुरुवार की सुबह हरियाणा से डीसीएम पर लादकर ले जाये जा रहे 368 कार्टून में कुल 16576 बोतल नाइट ब्लू अंग्रेजी शराब बरामद किया। साथ ही डीसीएम के चालक और खलासी को गिरफ्तार किया। धनहा थाने के एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि धनहा पुल चेक पोस्ट पर जांच अभियान के दौरान यूपी के तरफ से आ रहे डीसीएम की जांच की गयी। जांच के दौरान चालक ने बताया कि आलू लदा है। लेकिन पुल पर तैनात एसआई इरशाद अहमद और पुलिस के जवानों ने शक के आधार पर डीसीएम में लदे आलू के बोरे को उतार कर जांच किया तो डीसीएम से भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब को मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था। शराब को ट्रक के नीचे रखकर उपर से आलू से भरे बोरी डालकर ढक दिया गया था। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक रनकेश कुमार यूपी के हापुड़ जिले का रहने वाला है जबकि खलासी पप्पू कुमार प्रतापपुर मेरठ का रहने वाला है। यह दोनों हरियाणा से शराब की खेप लेकर मुजफ्फरपुर जा रहे थे। इसी तरह फोरलेन के रास्ते भी बिहार बॉर्डर क्रास करने के बाद ही शराब की खेप बिहार पुलिस के हाथ लग रही है।

# बीट प्रणाली का सच जानने को लगी चौपाल

**पटहेरवा।** एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक  में शुक्रवार को एसओ सुनील  सिंह ने चौपाल लगाकर बीट प्रणाली की हकीकत जानी। सिपाही से गांव के बारे में जानकारी ली और गांव के संभ्रांत लोगों से घटना की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने की अपील की। ग्रामीणों को एसओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत सिपाहियों की तैनाती हल्के के बजाय गांव स्तर पर तैनात हो रही है।

# दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, ससुर गिरफ्तार

**जासं, तुर्कपट्टी :** क्षेत्र के बरवा रजवाबर गांव के जमुआन टोला में विवाहिता की हुई संदिग्ध मौत के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

बीते गुरुवार की सुबह शव छत की कुंडी से लटका मिला था। बिहार के गांव बरहनी थाना मुसलिसपुर जिला सिवान निवासी मृतका ऊषा के पिता रामनाथ रावत ने पति दिलीप रावत, ससुर विनोद रावत, व सास पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। शादी डेढ़ माह पूर्व हुई थी।

घटना के समय पति रोजगार के सिलसिले में बाहर था। थानाध्यक्ष आनंद गुप्त ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ससुर गिरफ्तार हैं। शेष की भी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# थाना प्रभारी ने सुनीं समस्याएं

**जासं, पिपरा कनक :** पटहेरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा कनक में शुक्रवार को पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर कई शिकायतों का निराकरण भी किया। इस दौरान ग्राम प्रधान मजीबुल होदा, सलाउद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद उमर, इब्राहिम उर्फ गुड्डू, अब्दुल कुदुस, सफयतुल्लाह, शमशुल मौजूद रहे।

# चोरी की स्ट्रीट लाइट के साथ पकड़ा गया बालक

**फाजिलनगर :** पटहेरवा थाना के फाजिलनगर बाजार में शुक्रवार को एक बालक चोरी की स्ट्रीट लाइट के साथ पकड़ा गया। उसकी पहचान थानाक्षेत्र के गांव कुचिया मठिया निवासी के रूप में हुई। चौकी प्रभारी डीबी सिंह ने बताया कि उसके पास से तमाम लाइट बरामद हुई। (जासं.)

# फ्लाईओवर से पशु तस्करों की निगरानी करेगी पटहेरवा पुलिस

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा:** पशु तस्करी पर रोकथाम के लिए पटहेरवा पुलिस ने अब फ्लाईओवर से पशु तस्करों व उनके वाहनों की निगरानी करने की शुरुआत की है। इसके लिए हाईवे पर बनाए गए फ्लाईओवर पर चौबीस घंटे दो पुलिसकर्मी निगरानी करेंगे। थाने की टास्क फोर्स को सूचना देगें। जिनको पशु तस्करों की गाड़ियों को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। अब तक इस प्रयोग के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। दो दिन में दो ट्रक पशु को टास्क फोर्स पकड़ने में कामयाब रही है।

बिहार व पश्चिम बंगाल वध के लिए फोरलेन से ले जाए जा रहे पशुओं के रोकथाम के लिए यह फार्मूला ईजाद किया गया है। फाजिलनगर में स्टेट बैंक के सामने बने क्रासिंग ओवरब्रिज के ऊपर पुलिस के दो कांस्टेबल तीन शिफ्ट में चौबीस घंटे पहरा दे रहे हैं। पुलिस का मानना है कि फाजिलनगर ओवरब्रिज के ऊपर खड़े पुलिसकर्मी नीचे से जा रहे सभी मालवाहक वाहनों पर नजर रख सकेंगे। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है।

# 'क्षेत्र में अपराध रोकने में पुलिस का करें सहयोग'

## बरवापट्टी थाना परिसर में व्यापारियों के साथ बैठक

बरवापट्टी। बरवापट्टी थाना परिसर में शुक्रवार को क्षेत्र के व्यापारियों के साथ पुलिस ने बैठक की। इसमें अपराध रोकने में लोगों से सहयोग करने की अपील की गई।

एसओ सुरेश चंद्र राव ने कहा कि पहले से सतर्कता बरती जाए तो होने वाले अपराध को रोका जा सकता है। व्यापारियों को अपनी दुकान के बाहर और भीतर सीसीटीवी कैमरा लगाने चाहिए। उन्होंने लोगों से संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने और सुरक्षा के प्रति स्वयं को सतर्क रहने की सलाह दी।

इस दौरान एसआई राघवेंद्र सिंह, रामअवध राय, अवधेश लाल शर्मा, शत्रुघ्न यादव, विकास कुशवाहा, दिलीप सैनी, रवि कुमार, अमन, पिंटू, गोविंद, बबलू, दीपक, सुनील कुशवाहा, दिवाकर, कईम, रवि आलम आदि मौजूद रहे। संवाद



कसया थाने में पुलिस कर्मियों की कोविड जांच करते रैपिड रिस्पांस टीम के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी। संवाद

# 29 पुलिसकर्मियों की हुई कोरोना जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** सीएचसी की रैपिड रिस्पांस टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को कसया थाना परिसर में कैंप लगाकर पुलिसकर्मियों की कोरोना जांच की। इस दौरान कुल 29 पुलिसकर्मियों की जांच हुई। सभी कोविड निगेटिव मिले।

बीते कई दिनों से पुलिसकर्मियों को सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार की शिकायतें मिल रही थीं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की रिस्पांस टीम के सदस्यों ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एंटीजन व आरटीपीसीआर टेस्ट के माध्यम से कोरोना संक्रमण की जांच की। इसमें रिस्पांस टीम ने 29 पुलिसकर्मियों की एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच के लिए सैंपल लेकर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजा।

इस दौरान डॉ. संजय कुमार सिंह, मीरा दूबे, श्रवण कुमार यादव, सुशील शुक्ल, संतोष गोंड आदि मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बरवा राजापाकड़ गांव के जमुआन टोला मुसहर बस्ती की निवासी महिला की बृहस्पतिवार की सुबह हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को पति, ससुर और सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में जुटी है।

**बरवा राजापाकड़ गांव की महिला की हुई थी संदिग्ध हालात में मौत**

बृहस्पतिवार की सुबह एक नवविवाहिता का शव छत के कुंडे से लटकता मिला था। सूचना पर पुलिस व मृतका के मायके वाले पहुंचे और फाटक तोड़कर शव नीचे उतारा गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका के ससुर को पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया था। शुक्रवार को महिला के पिता रामनाथ रावत निवासी बरहनी थाना मुफ़लिसपुर जिला सीवान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। महिला के पिता की तहरीर पर तुर्कपट्टी पुलिस ने पति दिलीप रावत, ससुर विनोद रावत और सास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या का केस दर्ज किया है।

एसओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि मौके से आरोपी ससुर विनोद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही शेष आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**सिन्दुरिया (एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक के पास से 12 शीशी देशी शराब पकड़ लिया। साथ ही पकड़े गए युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 60 (1) के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। इस बावत सिन्दुरिया थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्रामसभा हरिहरपुर निवासी राजकुमार सहानी पुत्र रामहरख के पास से 12 शीशी देशी शराब उप निरीक्षक ऋतुराज यादव , राजेन्द्र यादव व राजेश कुशवाहा ने बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 60 (1) के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

# दो थानेदारों को एसपी ने हटाया

**महराजगंज।** एसपी प्रदीप गुप्ता ने कोल्हुई व पनियरा थानों के एसओ को पद से हटा दिया है। एसपी ने अपने पीआरओ एसआई देवेंद्र कुमार सिंह को कोल्हुई का नया एसओ बनाया है। वहीं डीसीआरबी प्रभारी हरेंद्र मिश्रा को पनियरा थाने की कमान सौंपी गई है।

पनियरा थाना प्रभारी दिलीप सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक बनाकर निचलौल थाने में तैनात किया गया है। कोल्हुई थाने के प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार शुक्ला को एसपी ने पीआरओ नियुक्त किया है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर गोरखनाथ सरोज को डीवीआरबी का प्रभारी बनाया गया है। इंस्पेक्टर रामचंद्र राम को क्राइम ब्रांच भेजा गया है।

# नवीन मंडी नौतनवा में जांच को पहुंचे सीओ

# बालक की पिटाई में तीन को उठाया



नवीन मंडी नौतनवा में बच्चे को पेड़ से बांधकर पिटाई के मामले सीओ जांच करने पहुंचे।

**नौतनवा | हिन्दुस्तान संवाद**

नौतनवा में पांच किलो गेहूं चोरी के आरोप में बालक की पेड़ से बांधकर पिटाई के मामले में पुलिस हरकत में आ गई है। शुक्रवार को सीओ कोमल प्रसाद मिश्रा व एसओ राजेश कुमार पांडेय मयफोर्स नवीन मंडी नौतनवा पहुंचकर जांच शुरू की। पूछताछ के लिए तीन लोगों को उठाया। बालक के पिता ने तहरीर लेकर मंडी निरीक्षक सहित पांच के खिलाफ नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित बालक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की सुबह 11 बजे उसे सूचना मिली कि उसके 11 साल के बेटे को पेड़ में बांधकर मारा-पीटा जा रहा है। भागकर जब वह मौके पर पहुंचा तो लोग उसे बांधकर मारपीट रहे थे। मंडी निरीक्षक समेत पांच को नामजद व आधा दर्जन अज्ञात को आरोपित बताते हुए उसने आरोप लगाया कि वह अपने लड़के को ले जाने लगा तो उन लोगों ने उसे धमकी दी। कहा कि अगर कहीं और गए तो लड़के को मुकदमें में फंसा देंगे। पीड़ित ने पुलिस से इस मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की।

> पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। इस मामले में जो लोग भी संलिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। तीन लोगों से पूछताछ की जा रही है।
>
> **-कोमल प्रसाद मिश्र,** सीओ, नौतनवा

## एक नजर में

### शांतिभंग मामले में 11 लोगों का हुआ चालान

**महराजगंज:** महराजगंज जिले की पुलिस ने शुक्रवार को शांतिभंग मामले में कार्रवाई करते हुए जिले में कुल 11 लोगों को शांतिभंग मामले में न्यायालय चालान किया है। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। (जासं.)

### 20 शीशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सिंदुरिया :** थाना क्षेत्र के सिंदुरिया निवासी ओमप्रकाश के पास से सिंदुरिया पुलिस ने 20 शीशी शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि आरोपित द्वारा अवैध तरीके से फुटकर में शराब बेचने का कार्य किया जा रहा था। जिसे सिंदुरिया से गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया है। (जासं.)

### 87 वाहनों का चालान

**महराजगंज:** जिला पुलिस ने शुक्रवार को यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 87 वाहनों का चालान काट दिया। वहीं वहीं आठ वाहनों से छह हजार रुपये का जुर्माना भी वसूल किया गया। यातायात प्रभारी जयनारायण यादव ने बताया कि यातायात नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। (जासं.)

# शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार

**जासं, श्यामदेउरवा:** थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सुनील कुमार राय ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों ने भाग लिया। इंस्पेक्टर सुनीश कुमार राय ने आगामी शुक्रवार को ईद उल अजहा को आपसी भाई चारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। कतरारी चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार, परतावल चौकी प्रभारी शरद भारती, उप निरीक्षक जय प्रकाश, अनिल सिंह, प्रधान हसमुद्दीन, राकेश पटेल, सुधाकर कन्नौजिया, कृष्ण मुरारी अनिल आदि मौजूद रहे।

# पति-पत्नी के उलझे रिश्ते को पुलिस ने सुलझाया


**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** थाना क्षेत्र में बीते एक वर्षों से पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को आखिरकार शुक्रवार को अड्डा बाजार की पंचायत में चौकी प्रभारी व ग्राम प्रधान से सुलझा दिया। एक बार फिर से दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाकर हंसी खुशी जीवन निर्वहन करने की शपथ ली और घर चले गए।

ग्राम पंचायत धोतियहवा निवासी पुजारी की दो वर्ष पहले ग्राम पंचायत पकरडीहा निवासी रेखा के साथ बड़ी ही धूमधाम से शादी हुई थी। किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। तब से दोनों ने अलग-अलग रहने का फैसला कर लिया। नौबत तलाक तक पहुंच गई। दोनों परिवार अपने-अपने जिद पर अड़े रहे। लेकिन सुलह की बात को लेकर कोई आगे नहीं आया। ग्राम प्रधान कमलेश पांडेय ने पति को समझाया और पत्नी समेत उसके स्वजन पंचायत में पहुंचे। जहां करीब तीन घंटे चले वाद-विवाद के बाद मामला सुलझ गया। पुलिस व ग्रामीणों की मौजूदगी में पति-पत्नी एक दूसरे को जयमाल पहनाकर जीवन जीने के

## समझौता

- वर्षों से किसी विवाद के चलते दोनों परिवार के बीच थी अनबन
- अड्डा बाजार में हुए पंचायत में जयमाला पहनाकर फिर से एक दूजे के हुए वर-वधू

चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पति-पत्नी व उनके परिवारों की बीच का विवाद समाप्त हो गया है। विक्की सिंह, बाबू पांडेय, शिवा कुमार, वासुदेव, रविंद्र यादव, प्रदीप तिवारी, राकेश कुमार, सूरज मद्धेशिया आदि उपस्थित रहे।



# नाबालिग को पेड़ से बांधने के आरोप में पांच पर मुकदमा

**लड़के की निशानदेही पर पुलिस ने तीन को उठाया, मंडी समिति में चोरी के आरोप में पेड़ से बांधने का वीडियो हुआ था वायरल**

**जागरण संवाददाता, नौतनवा :** थाना क्षेत्र के नवीन मंडी समिति में चोरी के आरोप में नाबालिक लड़के को पेड़ से बांधने के मामले में शुक्रवार को पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मौके पर पहुंचे सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने मुआयना किया। लड़के की निशानदेही पर पुलिस तीन लोगों को उठाकर थाने पर ले आई है।

ग्राम सभा पुरैनिहा टोला लोहसी निवासी रामकिशुन ने थाना में दिए तहरीर में बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे मंडी समिति के आगे मुख्य सड़क स्थित एक दुकान पर काम कर रहा था। इस बीच छोटा लड़का रितेश दौड़ता हुआ आया और उसके भाई निखिल को कुछ लोग मंडी समिति में पेड़ से बांधकर मारपीट व गाली गलौज कर रहे हैं। उन्होंने बताया उनके 11 वर्षीय पुत्र को पांच लोगों ने पेड़ में हाथ को रस्सी से बांधकर मानसिक रूप से उत्पीड़न किया। किसी तरह विनती कर छुड़ाया, लेकिन उनको व पुत्र को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि रामकिशुन की तहरीर पर गिरजेश, ब्रह्मदेव, विजय बहादुर, दशरथ यादव, राधेश्याम पर गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



# नेपाली नागरिकता लेने के प्रयास में दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, सोनौली :** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के सप्तरी जिला के राजविराज नगर पालिका में दो लोगों को फर्जी तरीके से नेपाली नागरिकता बनाने के प्रयास में हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए लोगों में एक भारतीय नागरिक व एक उसके पहचान की गवाही देने वाला नेपाली नागरिक है। भारतीय नागरिक शिवनंदन यादव के नागरिकता बनने के दस्तावेज सप्तरी जिला प्रशासन कार्यालय में आए थे।

सीडीओ जयनारायण आचार्य ने दस्तावेजों की जांच शुरू की, जिसके क्रम में वार्ड अध्यक्ष का प्रमाणित पत्र भी मिला। इसके अलावा ग्राम सचिव व गांव पालिका के प्रमाण पत्र भी मिले। सीडीओ ने जब प्रमाण पत्रों की तस्दीक के लिए वार्ड अध्यक्ष व गांव पालिका से सत्यापन कराया तो सभी पेश किए गए कागजात फर्जी मिले। गांव पालिका व वार्ड कार्यालय द्वारा नागरिकता संस्तुति के कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किए गए थे। देबन यादव नामक व्यक्ति ने शिव नंदन को अपना बेटा बनाकर नागरिकता बनने की अर्जी दी थी। इसलिए उसे भी हिरासत में ले लिया गया है। सीडीओ जयनारायण आचार्य का कहना है कि हिरासत में लिए गए भारतीय नागरिक शिवनंदन के वास्तविक पते व पहचान की जांच की जा रही है।

# पांच किलो गेहूं की चोरी के आरोप में बालक की पिटाई की जांच शुरू

## कुछ लोगों ने पेड़ से बांधकर की थी पिटाई, वायरल हुआ था वीडियो, कुछ लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/नौतनवां।** नवीन मंडी समिति में बृहस्पतिवार सुबह पांच किलो गेहूं की चोरी के आरोप में एक बालक की पेड़ से बांधकर पिटाई के मामले ने तूल पकड़ लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाल संरक्षण आयोग ने भी घटना का संज्ञान लिया है। वहीं, मंडी समिति भी अपने स्तर पर जांच कर रही है। सभी का कहना है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सीओ कोमल प्रसाद मिश्र एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मंडी समिति पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान के माध्यम से पीड़ित बालक और उसके पिता को बुलवाया एवं बयान दर्ज किया। पीड़ित बालक के पिता ने पांच नामजद और छह अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है।



नौतनवां में पीड़ित बालक एवं पिता से घटनाक्रम की जानकारी लेते सीओ कोमल प्रसाद मिश्र। संवाद

### बाल संरक्षण आयोग ने भी लिया घटना का संज्ञान निंदनीय कृत्य बताया

उधर, बाल संरक्षण आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी का कहना है कि पेड़ से बांधकर बालक की पिटाई करना अत्यंत निंदनीय कृत्य है। दोषियों को निश्चित रूप से दंडित किया जाएगा। वहीं, मंडी समिति के सचिव आशीष कुमार नायक ने बताया कि मंडी निरीक्षक गिरजेश मौर्य एवं वाटर मैन ब्रह्मानंद पांडेय से स्पष्टीकरण तलब कर विभागीय जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बृहस्पतिवार सुबह एक गांव के बालक को मंडी समिति के कर्मचारियों ने गेहूं चोरी के आरोप में पकड़ लिया था। इसके बाद उसे पेड़ से बांधकर पिटाई की थी। सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने बताया कि बालक की पेड़ से बांधकर की गई पिटाई अमानवीय व्यवहार है। उसके पिता ने तहरीर दी है। आरोपितों के खिलाफ जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

# पैसों के लेन-देन में मारी थी गोली, दो पर मुकदमा

घघौवा | हिन्दुस्तान संवाद

## फॉलोअप

- छावनी थानांतर्गत विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर गांव का मामला
- गोली लगने से घायल पैतेपुर निवासी जितेन्द्र का लखनऊ में चल रहा है इलाज

जिले के छावनी थानांतर्गत विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर गांव के सामने सीने में गोली लगने से घायल युवक की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। ट्रामा सेंटर लखनऊ में शुक्रवार को ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई है। घटना के वक्त उसके साथ मौजूद भाई से लखनऊ जाकर टीम ने बयान दर्ज किया। पता चला कि जमीन बेचने में कमीशन को लेकर विवाद चल रहा था। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घायल जितेन्द्र उर्फ गुड्डू सिंह के पिता हरिहर सिंह की तहरीर पर दुर्गागंज माझा निवासी सुखराम व उसके अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

छावनी थाना क्षेत्र के पैतेपुर निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह (32) और उनका छोटा भाई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छोटे गुरुवार को ड्राइवर के साथ अपना ट्रैक्टर लेकर इसी थाने के अकवारे गांव में खेत की जुताई के लिए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे दोनों उनके गांव के ही रहने वाले विकास सिंह से बाइक पर लिफ्ट लेकर पैतेपुर जा रहे थे। विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर के सामने एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और उन्हें रोक लिया था। पंकज से बाइक की चाभी लेने के बाद उसे मौके से भगा दिया था।

आरोप है कि जितेन्द्र और कृष्ण कुमार से विवाद के दौरान ही कट्टे से फायर कर दिया गया। गोली जितेन्द्र को सीने में बांयी तरफ लगी और जमीन पर गिर गया। सूत्रों के अनुसार जितेन्द्र व सुखराम के बीच अयोध्या में किसी जमीन के सौदे में मिले कमीशन के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात की रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि छानबीन में आए तथ्यों के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही है। हमलावरों

# तेजाब फेंकने की धमकी, एफआईआर

**बस्ती।** हरैंया पुलिस ने मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज किया है। हरैंया के सहसरांव निवासी विजय शंकर का आरोप है कि गांव के रहने वाले गुलाब ने पंद्रह जुलाई को अपशब्द कहते हुए मारापीटा। साथ ही बेटियों को तेजाब फेंककर जलाने व जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने गुलाब के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अपहरण कर मासूम की हत्या के मुख्य आरोपी पर रासुका

सल्टौआ | हिन्दुस्तान संवाद

जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग टोला दरियापुर जगंल टोला उकड़हवा में ढाई साल के मासूम के अपहरण व हत्या की सनसनीखेज वारदात के मुख्य आरोपी संदीप पर रासुका के तहत कार्यवाही की गई है। इससे पहले पुलिस इसी मुकदमे में नामजद महिला आरोपी पार्वती पर रासुका लगाया था।

थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि डीएम सौम्या अग्रवाल व एसपी आशीष श्रीवास्तव के अनुमोदन व इंटलीजेंस की रिपोर्ट के आधार पर मुख्य आरोपी संदीप पर रासुका लगाया गया है। वर्तमान में हत्यारोपी संदीप व पार्वती दोनों जिला कारागार में निरूद्ध हैं।

थाना सोनहा के परसा खुर्द बुजुर्ग दरिया पुर जंगल टोला उकड़हवा में 15 मई 2021 को ढाई साल के रितेश पुत्र ज्वाहिर लाल का अपहरण हुआ था। अपहरण का केस दर्ज कर स्थानीय थाने के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को भी खुलासे में लगाया गया था। पुलिस ने छानबीन में सामने आए सुराग के आधार पर 16 मई को आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर अपहत रितेश के शव को खाजेपुर के जंगल से बरामद किया गया था।

पुलिस पूछताछ में उसने बताया था कि गांव के ही एक महिला पार्वती से उसका प्रेम संबन्ध था। पार्वती का मृतक रितेश के परिवारिकजनों से पूर्व में विवाद हुआ था। इसकी रंजिश में ही संदीप के साथ मिलकर पार्वती मासूम के अपहरण व हत्या की साजिश रची थी। इसके बाद पुलिस ने पार्वती को गिरफ्तार कर लिया था। उसके पास से मृतक मासूम रितेश का चप्पल व घटना में प्रयुक्त साइकिल बरामद हुई थी।

पुलिस ने अपहरण के मुकदमे को आईपीसी की धारा 302, 364, 201, 120 बी में तरमीम कर दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया था। इसी हत्याकांड में आरोपी पार्वती पर करीब एक माह पूर्व पुलिस ने रासुका की कार्यवाही की थी। अब संदीप पर भी रासुका लगाया गया है।

## शिकंजा

- डीएम और एसपी के अनुमोदन व इंटलीजेंस की रिपोर्ट तैयार हुई रिपोर्ट
- सोनहा क्षेत्र के उकड़हवा में 15 मई को हुई थी वारदात, आरोपी संदीप व पार्वती जा चुका है जेल

# आठ पर गैंगस्टर-गुंडा एक्ट, एक दबोचा

बस्ती | निज संवाददाता

वाल्टरगंज व सोनहा पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर व गुंडा एक्ट में कार्यवाही की है। पुलिस कार्यालय के अनुसार वाल्टरगंज पुलिस ने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी कर संगठित अपराध करने के आरोपी किस्मत अली निवासी सुभई थाना वाल्टरगंज, संजय यादव, शिवचंद्र निवासी बड़ारामपुर निवासी सोनहा और पुरानी बस्ती के पठान टोला निवासी इस्तियाक को गैंगस्टर में पाबंद किया है।

सोनहा पुलिस ने क्षेत्र के धौरहरा निवासी भोला, राम सजीवन, धर्मेन्द्र व श्यामनाथ सोनी पर गुंडा अधिनियम लगाया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी सोनू निवासी छायसा जनपद फरीदाबाद हरियाणा को गिरफ्तार किया है।

# वांछितों की कुर्की के लिए पुलिस ने कराई मुनादी

रुधौली। क्षेत्र रायठ निवासी विनोद निषाद व सूरज निषाद तथा संतकबीरनगर के दुधारा थाना क्षेत्र निवासी अजय निषाद द्वारा एक गांव से किशोरी को भगा ले जाने के मामले में 17 जनवरी 2021 अपहरण का केस दर्ज हुआ था। गैरजमानती वारंट के बाद भी आरोपी हाजिर नही हुए। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ 82 का नोटिस जारी हुआ है। शुक्रवार को रुधौली के ग्राम पंचायत रायठ और दुधारा के अमया गांव में मुनादी कराकर पर्चा चस्पा कराया गया।

# 10 किलो गांजा संग दो तस्कर दबोचे

बस्ती | **निज संवाददाता**

पुरानी बस्ती पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बोरे में रखा दस किलो गांजा बरामद किया है। सीओ सदर शक्ति सिंह ने धरपकड़ की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मो. सलीम और छोटू निवासी रसनी थाना पुरानी बस्ती ने बिहार से तस्करी कर गांजा लाकर बेचने की बात कबूली है।

उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक पुरानी बस्ती ब्रजेंद्र प्रसाद पटेल व एसओजी प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर लखनऊ हाईवे स्थित हड़िया फ्लाईओवर पूर्वी छोर के पास वाहन की चेकिंग कर रही थी। अचानक सर्विस रोड पर पूर्व की तरफ से एक बाइक आती दिखाई दी। पुलिस को देख बाइक चालक अचानक ब्रेक लेकर पीछे मुड़ने लगा। तभी उसकी बाइक बंद हो गई।



पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी करने के आरोपी।

पुलिस टीम ने घेरकर बाइक पर सवार दोनों व्यक्तियों को रोक लिया। उनके कब्जे से एक प्लास्टिक का बोरा भी मिला। तलाशी लेने पर बोरे में गांजा रखा था, जिसका वजन दस किलो निकला। पुलिस के अनुसार दोनों तस्करों ने पूछताछ में बताया कि बिहार से गांजा लाकर बेचते हैं। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट में क्रास एफआईआर दर्ज

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के इटवाराजा गांव में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर हुए दो पक्षों में मारपीट मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दूसरे पक्ष के पीड़ित की तहरीर पर आठ नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ के खिलाफ मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। दूसरे पक्ष के बृजलाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि गुरुवार को सुबह विपक्षी घर पर आए और पुराने जमीनी विवाद में सुलह-समझौता कराने का बहाना बनाकर अपने घर लेकर चले गए। बातचीत में बात बिगड़ गई और मारपीट होने लगे। मारपीट में अजय कुमार, अमर चंद, इन्द्रावती, ओम प्रकाश घायल हो गए।

# कुर्की के लिए मुनादी करा कर चस्पा किया नोटिस

**जासं, रुधौली:** रुधौली थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर छह माह पूर्व भगा ले जाने के आरोपित विनोद निषाद,सूरज निषाद व अजय निषाद के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। काफी प्रयास करने तथा न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी आरोपित न तो थाने पर उपस्थित हुए और न ही न्यायालय में हाजिर। इसे संज्ञान में लेते हुए न्यायालय ने आरोपितों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस जारी किया। जिसका पालन करते हुए प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र और उनकी टीम ने शुक्रवार को आरोपितों के घर पहुंचकर डुग्गी मुनादी कराते हुए कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

# युवक को गोली मारने के मामले में दो हमलावरों पर मुकदमा

## ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा घायल का इलाज

**जासं, विक्रमजोत:** छावनी पुलिस ने शुक्रवार को युवक को गोली मारने के मामले में घायल युवक के पिता की तहरीर पर दो हमलावरों पर जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

गुरुवार को छावनी थाना क्षेत्र के पैंतेपुर निवासी जितेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू अपने भाई के साथ अकवारा बाजार से साथी विकास सिंह की बाइक पर बैठकर घर जा रहे थे। इसी बीच बाइक सवार दो लोग पहुंचे और उनकी बाइक को रोककर जितेंद्र सिंह को गोली मार दी। शुक्रवार को जितेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू के पिता हरेराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपितों ने उनके बेटे का रास्ता रोककर उसे पहले अपशब्द कहा, इसके बाद हमलावर सुखराम यादव ने कट्टे से उस पर फायर कर दिया। गंभीर रूप से घायल उनके बेटे जितेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह का ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुखराम यादव निवासी दुर्गागंज थाना नबाबगंज गोंडा व उसके एक साथी नाम पता अज्ञात पर जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट आठ पर मुकदमा

**जासं, बस्ती:** भूमि विवाद को लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र के बरसांव गांव में मारपीट हो गई। मामले में आठ लोगों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

गांव की कमलावती पत्नी जीवन लाल ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार को दिन में घूर की जमीन को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया। इसके लिए गांव में पचायत हुई तो बब्बू खान, आदिल खान, अब्दुल सईद, अफजल खान, मो. उमर, असीम खान, इस्तिहाक, बदरूद्दीन आदि ने लाठी, डंडा, हाकी से वहां पहुंचकर मारपीट शुरू कर दी।

उनके साथ ही संदीप, छन्नालाल, संतोष सोनी, पंकज, रामशंकर, रामनवल को आरोपितों ने जमकर मारा पीटा। उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाल ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराकर आठ आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सराफा व्यवसायी लगवाएं सीसीटीवी

**जागरण संवाददाता, कलवारीः** कलवारी थाना परिसर में शुक्रवार की शाम पांच बजे थानाध्यक्ष कलवारी अरविंद कुमार शाही की अध्यक्षता में सराफा व अन्य व्यवसायियों की बैठक हुई।

थानाध्यक्ष ने दुकानों की सुरक्षा के लिए जरूरी टिप्स दिया। सुरक्षा के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताते हुए सराफा व्यवसायियों व पेट्रोल पंप मालिकों को सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवाने का अनुरोध किया। सभी लोगों से मोबाइल में पुलिस काप एप लोड करने के लिए प्रेरित किया।

एप के उपयोग के संबंध में जानकारी दी। बताया कि इस एप के माध्यम से पुलिस व थाना संबंधी अधिकांश कार्य घर पर बैठे ही कर सकेंगे।

इसके लिए अनावश्यक समय थाने पर आने जाने में बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। कहा कि दुकान पर कर्मचारी रखते समय उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें।



व्यापारियों संग बैठक करते कलवारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही • जागरण

**एप के माध्यम से पुलिस व थाना संबंधी अधिकांश कार्य घर बैठे ही कर सकते हैं**

इस अवसर पर बरकत अली, सफातुल्ला, अशोक कुमार सोनी, मदन गोपाल, रणजीत सिंह, मुलायम सिंह यादव, रमेश चंद्र, दिनेश चंद, अनूप कुमार, शिवम अग्रहरि,संतराम, शिव लाल, वारिस अली,बबलू पाण्डेय, लालबहादुर ,दिनेश चंद, मनोज कुमार सोनी, अवधेश कुमार सोनी, बृजेश कुमार, रामनाथ, प्रदीपकुमार, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाएं त्योहार

**जासं रखौना :** लालगंज थाना क्षेत्र के रखौना चौकी पर शुक्रवार को चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मिश्र ने आगामी ईद उल जुहा त्योहार को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक किया ।

त्योहार को आपसी भाई चारे के साथ मनाने की अपील की। कहा कि किसी तरह की कोई घटना हो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। माहौल बिगाड़ने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौलवी बरकत अली, असलम, ग्राम प्रधान राघवराम यादव, सुरेंद्र चौधरी, रामप्रीत यादव मौजूद रहे।

# दो अंतर राज्यीय तस्कर गिरफ्तार 10 किग्रा गांजा बरामद

**जागरण संवाददाता, पुरानी बस्ती:** पुरानी बस्ती पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 10 किग्रा गांजा बरामद किया गया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत दो लाख रुपये बताई गई है।

प्रभारी निरीक्षक पुरानी बस्ती बृजेंद्र प्रसाद पटेल व उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह, एसओजी टीम प्रभारी मृत्युंजय पाठक की संयुक्त टीम शुक्रवार को हाईवे पर हड़ियां ओवरब्रिज के पूर्वी छोर पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो युवक सर्विस रोड पर आते हुए दिखाई पड़े। पुलिस को देखते ही वह बाइक मोड़कर भागना चाहे मगर उनकी बाइक अचानक बुझ गई। पुलिस टीम ने दोनो को पकड़ लिया। उनकी पहचान मोहम्मद सलीम निवासी रसनी थाना पुरानी बस्ती व वहीं के रहने वाले छोटू के रूप में हुई। उनके पास से बाइक



पुलिस व एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया गांजा तस्कर ● सौ.पुलिस विभाग

उस पर बोरी में रखा गांजा, दो मोबाइल फोन व 380 रुपया नकद बरामद किया गया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांजा तस्करों ने स्वीकार किया है कि वे लोग काफी समय से बिहार से गांजा लाकर बेचते हैं। यही उनके जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में पुरानी बस्ती थाने के मुख्य आरक्षी रामानंद, आरक्षी आकाशदीप, एसओजी के मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, बुद्धेश कुमार, विजय दीक्षित, अभिषेक तिवारी, अजय यादव शामिल रहे।

# 'सुरक्षा के लिए तकनीक जरूरी'

संवाद न्यूज एजेंसी

## थाना परिसर कलवारी में थानाध्यक्ष ने की बैठक

### स्वर्ण व्यवसायियों, पेट्रोल पंप मालिकों को चेताया

**कलवारी।** थाना परिसर कलवारी में एडीजी गोरखपुर के निर्देश पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने व्यापारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। थानाध्यक्ष ने कहा कि अब समय तकनीक का है, इसका उपयोग करके आप लोग अपने आप को सुरक्षित रखने के साथ ही पुलिस की भी मदद कर सकते हैं।

एसओ ने कहा कि अपने प्रतिष्ठान पर काम करने के लिए जिसको भी रख रहे हैं या किराये पर कमरा दे रहे ऐसे लोगों के सत्यापन के लिए यूपीसीओपी नामक एप अपने मोबाइल में रख कर बिना कहीं गए करा सकते हैं। इससे होने वाले खतरों से बचा जा सकता है। अपराधियों की सबसे ज्यादा नजर स्वर्ण व्यवसायी तथा पेट्रोल पंप पर होती है। ऐसे में यदि आप लोगों को ज्यादा नकदी या गहने लेकर कहीं जाना हो तो पुलिस की सहायता की जरूरत हो तुरंत बताएं। सुरक्षा के लिए सीमित समय के लिए पुलिस उपलब्ध रहेगी।

बैठक में संतोष कुमार श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश यादव, राहुल गुप्ता, अवनीश प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, सफातुल्लाह खां, अशोक कुमार सोनी, मदन गोपाल, दिनेश चन्द्र, सत्येन्द्र पाण्डेय, रणजीत सिंह, वारिस खान, हजारी दुबे, रमेश, अनिल कुमार, पंकज कुमार, प्रदीप, प्रमोद, रामनाथ, बृजेश, मनोज, शिवलाल, संतराम, अनूप, मुलायम सहित व्यवसायी मौजूद रहे।

# विवाहिता की हत्या के आरोप में पति और सास को किया रिफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया/बस्ती।** थाना क्षेत्र के भौखरी गांव में विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका शव मिला। मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के छह सदस्यों के खिलाफ पैकोलिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, शुक्रवार को पुलिस ने पति व सास को गिरफ्तार भी कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पैकोलिया थाना क्षेत्र के बरगदवा गांव निवासी मृतका के भाई राजू गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी बहन आरती की शादी दो वर्ष पहले थाना क्षेत्र के भौखरी गांव निवासी दीपक गुप्ता से हुई थी। शादी में सामर्थ्य के मुताबिक दान दहेज भी दिया गया था। उसके करीब छह माह की बेटी भी है। आरती को ससुराल पक्ष के लोग अक्सर दहेज के लिए प्रताड़ित

## पैकोलिया पुलिस ने ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दर्ज किया है मुकदमा

घर में उसका शव फंदे से लटका मिला। आरोप है कि उसकी हत्या की गई है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति दीपक गुप्ता, जेठ रमेश व सोभनाथ, सास हरिमति, ननद शर्मीली व परमीली के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्रैया को सौंपी गई है।

सीओ के निर्देश पर थाने के उपनिरीक्षक राजेश कुमार दूबे, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार शाही, पीआरडी प्रभावती की टीम ने परसा तिराहे से शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पति दीपक उर्फ दीपनरायन व सास हरिमती को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि जल्द ही अन्य आरोपितों

# दो तस्कर गिरफ्तार, 10 किलो गांजा बरामद

**बस्ती।** थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने एसओजी के साथ मिलकर की गई संयुक्त कार्रवाई में दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से बोरे में रखा 10 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

क्षेत्राधिकारी सदर शक्ति सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक पुरानी बस्ती बृजेंद्र प्रसाद पटेल व एसओजी प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक मय पुलिस टीम गोरखपुर लखनऊ हाईवे स्थित हंडिया फ्लाईओवर पूर्वी छोर के पास वाहन की चेकिंग कर रहे थे।

## एसओजी के सहयोग से पुरानी बस्ती पुलिस ने की बरामदगी

अचानक सर्विस रोड पर पूर्व की तरफ से एक मोटर साइकिल आती दिखाई दी। पुलिस के मुताबिक पास आते ही बाइक चालक अचानक ब्रेक लेकर पीछे मुड़ने लगा। तभी उसकी बाइक बंद हो गई। तब तक पुलिस टीम ने उसे घेर लिया। पकड़े गये व्यक्तियों को उनके मोटरसाइकिल जिस पर एक प्लास्टिक का बोरा भी मौजूद था। इसमें गांजा रखा था। पुलिस की पूछताछ पर दोनों आरोपितों ने बताया कि वे हम लोग काफी समय से बिहार से गांजा लाकर बेचते हैं। दोनों के विरुद्ध एनडी/पीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। संवाद

# मासूम हत्याकांड के मुख्य आरोपी पर रासुका

## सोनहा थाना क्षेत्र के उकड़हवा गांव में 15 मई को हुई थी घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** ढाई वर्ष के मासूम का अपहरण कर उसकी हत्या करने के मुख्य आरोपित सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द बुजुर्ग टोला दरियापुर जगंल टोला उकड़हवा निवासी संदीप पर रासुका की कार्रवाई की गई है। इससे पहले संदीप की प्रेमिका व सह अभियुक्त पार्वती पर भी पुलिस रासुका लगा चुकी है।

थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि डीएम सौम्या अग्रवाल व एसपी आशीष श्रीवास्तव के अनुमोदन मुख्य आरोपी संदीप पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई है। वर्तमान में हत्यारोपी संदीप व पार्वती दोनों जिला कारागार में निरुद्ध हैं।

घटना के बाद कई दिनों तक गांव में तनाव रहा। गांव में सोनहा पुलिस के अतिरिक्त जनपद के कई थानों की पुलिस, पीएसी तैनात रही। उच्चाधिकारी भी गश्त करते रहे और लोगों को समझाकर स्थिति को सामान्य करने में कई दिन लग गए थे।

थाना सोनहा के परसा खुर्द बुजुर्ग दरिया पुर जंगल टोला उकड़हवा में 15 मई 2021 को ढाई साल के रितेश पुत्र जवाहिर लाल का अपहरण हुआ था। अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस ने छानबीन में सामने आए सुराग के आधार पर 16 मई को आरोपित संदीप को गिरफ्तार कर लिया था।

### गैंगस्टर, गुंडा एक्ट में आठ पाबंद

बस्ती। वाल्टरगंज व सोनहा पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर व गुंडा एक्ट में कार्रवाई की है। वाल्टरगंज पुलिस ने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी कर संगठित अपराध करने के आरोपी किस्मत अली निवासी सुभई थाना वाल्टरगंज, संजय यादव, शिवचंद्र निवासी बड़ारामपुर निवासी सोनहा और पुरानी बस्ती के पठान टोला निवासी इस्तियाक को गैंगस्टर में पाबंद किया है। सोनहा पुलिस ने थाना क्षेत्र के धौरहरा निवासी भोला, राम सजीवन, धर्मेंद्र व श्यामनाथ सोनी पर गुंडा अधिनियम लगाया है। संवाद

### जमानत की अफवाह पर कई बार सनसनी

हत्याभियुक्त संदीप की जमानत की गांव में दो बार अफवाह उड़ी और लोग दहशत में आ गए थे। लोगों में उसके नाम का खौफ है। दोनों बार गांव में पुलिस को जाकर सफाई देनी पड़ी थी कि उसकी जमानत नहीं हुई है। माना जा रहा है कि रासुका लगाए जाने के पीछे एक यह कारण भी है।

### आरोपी संदीप व पार्वती को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल

आरोपित की निशानदेही पर अपहृत रितेश के शव को खाजेपुर के जंगल से बरामद किया गया था। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया था कि गांव की ही एक महिला पार्वती से उसका प्रेम संबंध था। पार्वती का मृतक रितेश के परिवारीजनों से पूर्व में विवाद हुआ था। उसी रंजिश में ही संदीप के साथ मिलकर पार्वती ने मासूम के अपहरण और हत्या की साजिश रची थी। उसके बाद पुलिस ने पार्वती को गिरफ्तार कर लिया था।

उसके पास से मृतक मासूम रितेश की चप्पल तथा घटना में प्रयुक्त साइकिल बरामद हुई थी। इसी हत्याकांड में आरोपित पार्वती पर रासुका की कार्रवाई की गई थी।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

## शांति भंग की आशंका में चालान

**खेसरहा ।** थाना प्रभारी निरीक्षक रवींद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाये रखे के दृष्टि से थाना क्षेत्र के सप्ती नानकारी निवासी मोहन पुत्र सर्वजीत को धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# अभिमन्यु सिंह बने लोटन कोतवाली प्रभारी

**सिद्धार्थनगर** । पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए एक निरीक्षक तथा दो उप निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। निरीक्षक राम आशीष यादव प्रभारी निरीक्षक थाना लोटन को अपराध शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनके स्थान पर उप निरीक्षक अभिमन्यु सिंह प्रभारी चौकी खुनुवा थाना शोहरतगढ़ को लोटन थाने की कमान सौंपी गई है। उप निरीक्षक सभाशंकर यादव को थाना लोटन से हटाकर खुनुवा चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

# कोविड प्रोटोकाल का करें पालन



चिल्हिया थाना में शांति कमेटी की बैठक करते एसडीएम शिवमूर्ति सिंह ( मध्य में) सीओ प्रदीप कुमार यादव ( दाएं) ● जागरण

**जासं,चिल्हिया:** थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित शांति कमेटी की बैठक हुई। शांतिपूर्वक व भाई चारे के साथ त्योहार सम्पंन कराने पर चर्चा हुई। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मास्क व उचित दूरी बनाने की नसीहत दी गई।

एसडीएम शिवमूर्ति सिंह ने कहा कि जो लोग कोरोना का टीका नहीं लगवाए हैं, वह जरूर टीका लगवाएं । अपने साथ गांव के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरुक करें।

सीओ प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में बकरीद, श्रावण मास को सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं। गांव में कोई व्यक्ति उपद्रव या बवाल करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। अराजकता व अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष यसवंत सिंह ,एसआई नंदा प्रसाद, पंकज चौबे, प्रधान मोहम्द जफर आलम, कालीचरन, अर्जुन शुक्ला, सूर्य प्रताप सिंह, इबरार अली, नूर मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।

# एमवी एक्ट में 144 वाहन चालान

**सिद्धार्थनगर।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर फर्राटा भरने वाले 144 वाहनों का ई-चालान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में किया गया। इस दौरान वाहन स्वामियों से 1,21,600 रुपये का शमन शुल्क वसूल भी किया गया ।

# 'शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार'

**चिल्हिया।** चिल्हिया थाना परिसर में शुक्रवार को शाम चार बजे एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में बकरीद और श्रावण मास को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की।

एसडीएम शिवमूर्ति सिंह आये हुए लोगों से शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। कोविड-19 के बचाव के लिए मास्क व उचित दूरी बनाए रखने की नसीहत दी। और उन्होंने कहा कि जो कोई कोरोनारोधी टीका नहीं लगवाया है वह जरूर लगवा ले और गांव में भी लोगों को टीका के प्रति जागरूक करें।

**चिल्हिया थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक**

सीओ प्रदीप यादव ने ग्राम प्रधानों से गांव में कोई व्यक्ति उपद्रव करता है या झगड़ा बवाल करता है तो उसकी सूचना फौरन दें। त्योहार को शांति के साथ मनाएं। थानाध्यक्ष यशवंत सिंह, एसआई नंदा प्रसाद, प्रधान जफर आलम, कालीचरन, अर्जुन शुक्ल, पंकज चौबे, सूर्य प्रताप सिंह, इबरार मौजूद रहे। संवाद

## एसओ लोटन बने अभिमन्यु

सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी ने खुनुवा चौकी प्रभारी अभिमन्यु सिंह को लोटन थाने का प्रभारी बनाया है। वहां एसओ रहे राम अशीष यादव को क्राइम ब्रांच में भेजा है। लोटन में तैनात उपनिरीक्षक सभाशंकर यादव को खुनुवा चौकी का प्रभारी बनाया है। (जासं.)

## गैंगस्टर गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**ढेबरुआ।** थाने के एसएचओ दिनेश चंद्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने गैंगस्टर शनि उर्फ अनुमेष निवासी मुड़िला कस्बा बढ़नी को बलरामपुर जिले के लक्ष्मीनगर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल दिया गया। संवाद

## अभिमन्यु बने लोटन कोतवाल

**सिद्धार्थनगर।** कानून व्यवस्था के मद्देनजर एसपी रामअभिलाष त्रिपाठी ने शुक्रवार को फेरबदल किया। इसमें खुनुवां चौकी प्रभारी अभिमन्यु सिंह को लोटन कोतवाल बनाया गया। जबकि लोटन कोतवाल रामअशीष यादव को अपराध शाखा में भेजा गया। एसआई सभाशंकर यादव को खुनुवां चौकी प्रभारी बनाया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

# बकरीद शान्तिपूर्वक मनाने की अपील

**धनघटा/नाथनगर (एसएनबी)।** वकरीद त्योहार समीप देखकर शुक्रवार को धनघटा और महुली थाना परिसर में एसडीएम धनघटा योगेश्वर सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की वैठक सम्पन्न हुई। वैठक में दोनों समुदायों से सम्वन्धित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और प्रधानगण शामिल हुए। वैठक में शान्ति और सौहार्दपूर्ण माहौल में वकरीद पर्व मनाने की अपील की गई। त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा हरसम्भव मदद का भरोसा दिया गया। वकरीद त्योहार मनाने को लेकर शासन स्तर से जारी गाइडलाइन के वारे में वैठक में लोगों को जानकारी देते हुए उसका अनुपालन करने की अपील की गई। एसडीएम धनघटा योगेश्वर सिंह ने कहा कि वकरीद पर्व को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने कहा कि वकरीद त्याग और भाईचारा को मजवूत वनाने का पर्व है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का पहचान शान्तिप्रिय के तौर पर है जिसका पालन करते हुए शान्तिपूर्वक पर्व को सम्पन्न कर क्षेत्रवासियों को उदाहरण पेश करने की जरूरत है। वैठक में मौजूद सीओ धनघटा राम प्रकाश ने कहा कि पर्व में किसी प्रकार का खलल डालने का प्रयास करने वाले लोगों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

**पीस कमेटी की बैठक**

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की शान्ति में व्यवधान डालते हुए कानून को हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। क्षेत्र में कहीं पर भी किसी प्रकार के विवाद का आशंका नजर आने पर देश के एक जिम्मेदार नागरिक की तरह उसकी सूचना तत्काल पुलिस व प्रशासन को दी जाय जिससे समय रहते विवाद का प्रयास करने वाले लोगों से निपटा जा सके। कोरोना महामारी के चलते सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए सभी से घरों में कुर्वानी देने के साथ ही नमाज अदा करने की अपील सीओ ने वैठक में की है। वैठक में प्रभारी निरीक्षक धनघटा रोहित प्रसाद के अलावा एसएसआई वृजमोहन सिंह,अमरनाथ यादव,राजाराम यादव, रविन्द्र प्रताप, पौली चौकी इंचार्ज मनोज पटेल, लोहरैया चौकी इंचार्ज विवेकानन्द तिवारी, बंसवारीगांव चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह यादव, विड़हरघाट चौकी इंचार्ज अरूण कुमार पांडेय, जगदीशपुर चौकी इंचार्ज लालविहारी निषाद सहित थाने के सभी



पीस कमेटी की वैठक को संवोधित करते एसडीएम। फोटो : एसएनवी

पुलिसकर्मियों के अलावा क्षेत्र के भाजपा नेता पीएन सिंह, टिल्लू उपाध्याय, वहीद अहमद, जुवेर अहमद, वीरवहादुर सिंह, महेन्द्र चौहान, विरेन्द्र यादव, मो.गनी, जलालुद्दीन, मो.अरशद, पीर मोहम्मद, रामललित यादव, शैलेन्द्र कुमार व राकेश कुमार सहित क्षेत्र के दोनों समुदायों के तमाम गणमान्य नागरिक एवं प्रधानगण मौजूद रहे। इससे पूर्व महुली थाना परिसर में भी पीस कमेटी की बैठक एसडीएम धनघटा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम धनघटा योगेश्वर सिंह ने कहा कि पर्व को जाति-मजहब से उपर होकर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि किसी के हृदय को कष्ट नहीं होने पाए। उन्होंने कहा कि पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अफवाहों पर ध्यान केन्द्रित न करें। किसी तरह की अशांति व समाज में गड़वड़ी उत्पन्न की जानकारी होने पर इसकी सूचना पुलिस को तत्काल दें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अलावा अन्य गतिविधियों के वारे में जानकारी होने पर देश के अच्छे नागरिक होने के नातें पुलिस का सहयोग लें। सीओ रामप्रकाश ने कहा कि पर्वों में खलल डालने वालों से कड़ाई के साथ कार्रवाई होगी। पर्व के दिन सादे वेश में पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। पर्व को परम्परागत ढंग से मनाएं। इसमें वाधा डालने वालों को वख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर थानाध्यक्ष महुली धर्मेन्द्र कुमार सिंह, एसआई रमेश तिवारी, जितेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह यादव, पारस नाथ,वीरेन्द्र यादव, अर्पिता शुक्ला, अनिल पांडेय, परशुराम यादव, प्रधान रामजीत यादव, अलीमुल कदर उर्फ ढ़िलढ़िल, ग्रीशचन्द्र चौधरी, संजय कुमार, रामप्रीत यादव, राधेश्याम निषाद, रामदरश यादव,शमशाद उर्फ गामा,असद महताव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**एससी/एसटी के प्रकरण का**

# त्वरित कराएं निराकरण

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** उ.प्र. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में तहसील धनघटा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मिठना सिठना में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद जिला मुख्यालय स्थित निरीक्षण गृह खलीलाबाद में पुलिस विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

**एससी-एसटी आयोग के उपाध्यक्ष ने पुलिस विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक**

बैठक में एससी/एसटी आयोग के उपाध्यक्ष द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित पंजीकृत अपराधों एवं लम्बित आर्थिक सहायता की जानकारी ली गयी। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि जनपद में एक वर्ष में कुल 86 अपराध पंजीकृत किये गये जिनमें से 55 में आरोप पत्र दाखिल किया गया। 13 मामलों में अंतिम रिपोर्ट लगाई गयी और कुल 14 मामलों में विवेचना लम्बित है। जिला विकास अधिकारी (स.क.) द्वारा बताया गया कि कुल 73 प्रस्ताव अनुदान हेतु प्रस्तुत किये गये हैं। वर्ष में कुल 41 मामलों में अनुसूचित जाति के 80 पीड़ितों को 50.50 लाख ₹ का अनुदान वितरित किया गया। शेष 32 मामलों में कार्रवाई प्रचलित है। उपाध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप कराया जाय। उन्होंने कहा कि सरकार ने विकास की जो भी योजनाएं लागू की हैं उनमें समानुपातिक रूप से अनुसूचित जातियों एवं जन जातियों के लोगों का भी कल्याण हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा अनुसूचित जातियों



पुलिस विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते उ.प्र. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पीड़ित लोगों को जनपद स्तर पर ही न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लोगों पर हो रहे अन्याय से संबंधित जो भी प्रकरण संज्ञान में आये उनका त्वरित गति से निराकरण अवश्य एवं जनजातियों के लोगों पर अत्याचार किया गया है। जब तक समाज के निचले लोगों एवं पीड़ित व्यक्तियों को न्याय नही मिलता तब तक देश का विकास सम्भव नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदो में आयोग के सदस्यों द्वारा जन समस्याओं को सुनने एवं उनके त्वरित निराकरण के लिए भ्रमण कार्यक्रम लगा हुआ है।

# युवती के अपहरण के आरोप में तीन पर केस

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के दुघरा उर्फ खैरा गांव की एक युवती को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। काफी खोजबीन के बाद जब परिजनों को युवती के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी तो शुक्रवार को धनघटा थाने पहुंचे युवती के पिता ने पुलिस को घटना के संबंध में लिखित तहरीर सौंप दी जिसके आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर युवती समेत आरोपियों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

## आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस को दी गई तहरीर में युवती के पिता ने बताया कि उसकी 23 वर्षीय बेटी को बीते 14 जुलाई 2021 की रात करीब 3 बजे थाना क्षेत्र के माझा खड़कपुर गांव निवासी रामायन पुत्र रामचेत नामक युवक ने बहला-फुसलाकर घर से बाहर गांव के सीवान में बुला लिया और उसके बाद बेटी का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर कहीं गुप्त स्थान पर रखा हुआ है। तहरीर में गांव निवासी अनिल पुत्र रामललित व इन्द्रमन पुत्र अयोध्या के उपर बेटी का अपहरण करने की साजिश रचने के साथ ही अपहरणकर्ता रामायन का सहयोग करने का भी आरोप लगाया है। इतना ही नहीं तहरीर में बताया कि इस संबंध में आरोपियों से जब बेटी के बारे में जानकारी करने उनके घर पहुंचा तो उक्त सभी उसे गालियां देते हुए जानमाल की धमकी भी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरणकर्ता रामायन सहित उक्त अनिल व इन्द्रमन के विरूद्ध आईपीसी की धारा 366, 120बी, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर युवती समेत आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा रोहित प्रसाद ने बताया कि जल्द ही युवती को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# 82 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क


संतकबीरनगर। पुलिस ने 82 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। पुलिस के अनुसार जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 70 हजार 500 रूपए जुर्माला वसूला गया।

# सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील

संतकबीरनगर | **निज संवाददाता**

खलीलाबाद कोतवाली में शुक्रवार की शाम बकरीद त्योहार के मद्देनजर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित लोगों से शांति व आपसी सौहार्द के साथ आगामी त्योहार मनाने की अपील की गई।

गोष्ठी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीओ सिटी अंशुमान मिश्र ने कहा कि त्यौहार में कुछ आराजक तत्व महौल बिगाड़ने का काम करते हैं। सभी लोग ऐसे लोगों से सजग रहें। पुलिस ऐसे लोगों को चिहिंतकर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगी।



खलीलाबाद कोतवाली में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग।

किसी को भी मनमानी करने की छूट नहीं दी जाएगी। कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने कहा किं पुलिस टीम पूरी तरह से तैयार है। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने में जन सामान्य का काफी सहयोग होता है। अपने आसपास की हर गतिविधि पर नजर रखते हुए पुलिस को तत्काल सूचित करें। पुलिस मामले में महौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करेगी। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारियों, कोतवाली के अन्य जिम्मेदार व पुलिस उपस्थित रहे।

# कई मामलों के ढाई दर्जन आरोपितों पर कसा शिकंजा

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

जनपद पुलिस ने कई मामले में ढ़ाई दर्जन आरोपितों पर कानूनी कार्रवाई कर शिकंजा कसा। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने छह, धनघटा छह, महुली चार, मेंहदावल पांच और बखिरा पुलिस ने दो आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

थाना बेलहरकला पुलिस ने वांछित रामकेवल शर्मा पुत्र साधूशरण शर्मा निवासी गोपालपुर को गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद किया। पुलिस के अनुसार आरोपी 28 सितंबर 2020 को अपहृता को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस संबंध वादिनी ने थाना बेलहरकला पर लिखित तहरीर देकर अभियोग दर्ज कराया।

पुलिस ने दिनांक 16 जुलाई को अपहृता को बरामद करते हुए उक्त आरोपित को गिरफ्तार किया। साथ ही थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ संजय पुत्र बसंत निवासी तेनुहारी दोयम व अखिलेश पुत्र विजय कुमार निवासी गरथवलिया को भाटपार रिंग रोड के पास से गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम का मामला दर्ज किया। और कई मामलों में कार्रवाई हुई है।

# बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध चला चेकिंग अभियान

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

जिले में बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। पुलिस मीडियां सेल से मिली जानकारी के अनुसार कोविड-19 संक्रमण रोकने के लिए बिना मास्क के घूम रहे लोगों की धर पंकड़ के लिए सघन जांच पड़ताल की गई। जनपद के तीनों सर्किलों में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामकुमार व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में सभी थानों ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, हाथ धोने आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया। इसके साथ ही अभियान चलाकर बिना मास्क के घूम रहे 21 व्यक्तियों से 3700 रूपए चालान वसूल किया गया।

## घर का रास्ता भटके मासूम को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

मेंहदावल | हिन्दुस्तान संवाद

मेंहदावल कस्बे में चीता मोबाइल के पुलिसकर्मियों ने घर का रास्ते भटके एक मासूम को परिजनों को सौंपकर सराहनीय कार्य किया है।

शुक्रवार को पुलिसकर्मी संजीव यादव व रमेश यादव कस्बे के नई बाजार मोहल्ले में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान एक छोटा बच्चा सड़क पर रोता हुआ मिला। उसे दोनों मेंहदावल थाने पर ले आए। बिस्किट, टाफी खिलाकर बच्चे को चुप कराया। सोशल मीडिया पर बच्चे का फोटो सर्कुलेट किया। जिससे बच्चे की पहचान तीन वर्षीय झीनक पुत्र सुरेन्द्र निवासी अव्वल केवटलिया के रूप में हुई। परिजन सूचना पाते ही थाने पंहुचकर बच्चे को घर ले आए।

# पुलिस की सक्रियता से चार घंटे बाद घर पहुंचा नौनिहाल



मेंहदावल थाना पर बच्चे को उसके पिता सुरेंद्र को सौंपते थानेदार जयवर्धन सिंह ( मध्य में) व मौजूद पुलिसकर्मी • जागरण

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर:** मेंहदावल पुलिस की सक्रियता से मासूम चार घंटे बाद घर सुरक्षित पहुंच गया। माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों ने पुलिस कर्मियों की सराहना की।

मेंहदावल कस्बे के अव्वल केवटलिया मोहल्ला निवासी झीनक पुत्र सुरेंद्र शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसकी उम्र चार वर्ष है। कुछ देर बाद

मोहल्ले में पहुंच गया। चीता मोबाइल ड्यूटी पर तैनात सिपाही संजीव यादव और रमेश यादव इसी मोहल्ले से होकर गुजर रहे थे। एक मासूम बच्चे को रोता हुआ देखकर ये दोनों पुलिसकर्मी रुक गए। बच्चा नाम-पता नहीं बता पा रहा था। यह लोग उसे थाने पर ले आए। इसके बाद थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह को मामले की जानकारी दी। थानेदार ने इंटरनेट मीडिया पर फोटो पोस्ट करने के साथ

# शांति भंग में 23 लोगों पर हुई कार्रवाई

जासं,संतकबीर नगर : जनपद पुलिस ने शुक्रवार को शांति भंग की आशंका में 23 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद व धनघटा पुलिस ने छह-छह, महुली पुलिस ने चार, मेंहदावल पुलिस ने पांच तथा बखिरा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# अपहृत किशोरी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** बेलहर पुलिस ने शुक्रवार को अपहृत किशोरी के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसओ अनिल दूबे ने बताया कि आरोपी रामकेवल शर्मा क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को 28 सितंबर 2020 को बहला-फुसलाकर भगा ले गया थ। जिसके संबंध में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर अपहृत किशोरी के साथ आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जबकि अपहृत किशोरी को महिला आरक्षी की देखरेख में मेडिकल जांच को भेजा गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई विजय कुमार यादव, कांस्टेबल मनीष कुमार और महिला कांस्टेबल सुमन यादव शामिल रहीं। ब्यूरो

# कोर्ट ने दो आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज की

## अलग-अलग दुष्कर्म के मामले

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने अलग-अलग दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों की जमानत अर्जी शुक्रवार को खारिज कर दी है। विशेष लोग अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महुली क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को आरोपी रवि उर्फ दीपचंद्र बहला-फुसलाकर भगा ले गया था।

आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को पकड़ कर जेल भेज दिया था। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में आरोपी सुरेंद्र यादव के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपी की गिरफ्तारी कर जेल भेजा था।

दोनों अभियुक्तों के अधिवक्ता ने जमानत प्रार्थना पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक अनिल सिंह ने बताया कि दोनों मामले में अभियुक्तों की जमानत अर्जी को विशेष न्यायाधीश जैनुद्दीन अंसारी ने खारिज कर दिया। **ब्यूरो**

# 20 लीटर कच्ची शराब

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान

# बखिरा पुलिस ने चार जुआरी पकड़े

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने जुआ खेलते चार जुआरियों को पकड़ा है। एसओ मनोज सिंह ने बताया कि 1750 रुपये नकदी और ताश की गड्डी मौके से बरामद हुई है। इसमें 950 रुपये माल फड से और 800 जमा तलाशी में मिले। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों में दो लोग बखिरा के, तीसरा लेडुआ महुआ और चौथा सई बुजुर्ग का निवासी है। पकड़े गए चारों जुआरियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। **ब्यूरो**

# महुली थाने में पीस कमेटी की बैठक

**धनघटा।** बकरीद पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को महुली थाने पर एसडीएम योगेश्वर सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के अलावा संभ्रांत लोगों ने हिस्सा लिया।

एसडीएम योगेश्वर ने कहा कि पर्व को जाति, मजहब से ऊपर उठकर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

सीओ रामप्रकाश ने कहा कि पर्व में खलल डालने वालों से कड़ाई के साथ कार्रवाई होगी। पर्व के दिन सादे वेश में पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। इस मौके पर एसओ धर्मेंद्र सिंह, एसआई रमेश तिवारी, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह यादव, पारस नाथ, बीरेंद्र यादव, अर्पिता शुक्ला, अनिल पांडेय, परशुराम यादव, प्रधान राम जीत यादव, ग्रीश चंद चौधरी, संजय कुमार, रामप्रीत यादव, राधेश्याम निषाद, रामदरश यादव, शमशाद उर्फ गामा और असद महताब आदि मौजूद थे। **संवाद**



महुली में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते धनघटा एडीएम। संवाद

# बिना मास्क पकड़े गए 21 लोगों से वसूला जुर्माना

**संतकबीरनगर।** बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने 21 लोगों को पकड़ा है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि बिना मास्क के घूमते 21 लोग पकड़े गए। जिनसे पुलिस ने 3700 रुपये जुर्माना वसूला है। उन्होंने बताया कि कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इससे बचने के लिए मास्क पहनना जरूरी है। बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर न निकलें। दो गज की दूरी बनाए रखें और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करते रहे। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। **ब्यूरो**

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

# मारपीट मामलों में 12 पर केस

**परसपुर।** पुलिस ने तीन गावों में शुक्रवार को पुरानी रंजिश व भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट में घायल हुई एक महिला सहित 3 लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। मामले में पीड़ितों की तरफ से बारह लोगों के खिलाफ थाने में केस दर्ज किया गया है।

ग्राम बरदहा रामबली पुरवा निवासिनी ब्रम्हा देवी ने भूमि विवाद में बेलमत्थर गांव के संजय दूबे, ओंमकार दूबे, ननके दूबे व राम सेवक दूबे पर पिटाई का आरोप लगाया है। ग्राम बरदहा दूबे पुरवा निवासी ओम प्रकाश दूबे ने भी भूमि विवाद में कई लोगों पर पिटाई का आरोप लगाया है। पसका उल्टहवा मांझा में मारपीट की एक घटना में हरिन्दर, देवेन्द्र, संदीप व पुत्तन यादव पर केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने कहा कार्रवाई हो रही है।

# शांति भंग में सात धराए

**परसपुर।** पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न मामलों में सात लोगों को शांति भंग की आंशका में गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों का चालान किया गया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि राम बहादुर, राम नायक, अनन्तनाथ शुक्ला, सुभाष यादव, राहुल, धर्मराज और अमरिका के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

CS Scanned with CamScanner

# एसपी को सही जवाब देने वाले छह आरक्षी पुरस्कृत

संसू, गोंडा : पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने थानों पर प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों के साथ संवाद किया। व्यवहारिक प्रशिक्षण के बारे में ली जानकारी। अनुशासन का पाठ पढ़ाकर मित्र पुलिसिंग के टिप्स दिए। सवालों का सटीक जवाब देने वाले छह आरक्षियों को पुरस्कृत किया।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में एसपी ने वर्ष 2020 बैच के प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों के साथ संवाद कर अब तक प्राप्त प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। उनके स्वास्थ्य/समस्याओं के बारे में जाना। पुलिस अधीक्षक ने अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए उन्हें मित्र पुलिसिंग की जानकारी दी। कहा कि जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखें। थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ मृदु व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण करें। आम-जनमानस में पुलिस की छवि को बेहतर बनाएं। उन्होंने यूपी कॉप, सी-प्लान, प्रहरी एप, त्रिनेत्र एप के बारे में भी जानकारी दी। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत रजिस्टर का अवलोकन करने व अपने बीट की पूरी जानकारी रखने के बारे में बताया। संवाद के दौरान बेहतर जानकारी रखने व अच्छे टर्न आउट के लिए थाना खोड़ारे के



बैठक में आरक्षियों को निर्देश देते एसपी संतोष कुमार मिश्र, साथ में सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम • जागरण

आरक्षी सुधीर कश्यप, विनायक सिंह, विवेक सिंह, गौरव कुमार गुप्ता, थाना तरबगंज के अभिनव मिश्र व प्रियांशी को 500-500 रुपये का पुरस्कार दिया। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम सहित अन्य मौजूद थे।

वहीं एसपी ने परेड की सलामी ली। निरीक्षण कर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। इसमें डायल 112 के चालक आरक्षी मायालाल व पंकज कुमार को एक-एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। क्वार्टर गार्ड में सलामी के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आरक्षी अमित मौर्य को भी पुरस्कृत किया। इसके बाद एसपी ने न्यायालय पैरोकार व कोर्ट मुहर्रिर की बैठक की। आरोपितों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। वहीं रिफ्रेशर कोर्स समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस दौरान डायल 112 टीम के कमांडर अभिषेक प्रसाद को एक बुजुर्ग महिला को उनके परिवारजनों के हवाले किए जाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

Scanned with CamScanner

**खरगूपुर** : थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। एसओ अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि बकरीद को आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएं। कुर्बानी बंद स्थानों पर दी जाए। प्रतिबंधित पशुओं का वध किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

# लकड़ी के साथ गिरफ्तार

गोंडा : देहात कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध रूप से हरे आम की लकड़ी काटकर ट्रैक्टर ट्रॉली से ले जा रहे आरोपित दौलतपुरवा खिरधा निवासी कलीम को गिरफ्तार कर लिया है। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

खरगूपुर : थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। एसओ अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि बकरीद को आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएं। कुर्बानी बंद स्थानों पर दी जाए। प्रतिबंधित पशुओं का वध किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए। (संसू)

CS Scanned with CamScanner



# बंद स्थानों पर की जाए कुर्बानी

**खरगूपुर (गोंडा)।** ईद उल अजहा को आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए थाना परिसर में मस्जिदों व ईदगाहों के पेश इमाम, ग्राम प्रधानों व गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि कुर्बानी बंद स्थानों पर की जाय। प्रतिबंधित पशुओं का वध किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए। कोरोना महामारी पर ध्यान देते हुए शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन कतई न करें। बकरीद की नमाज मस्जिदों में अता करें। इस मौके पर धर्मेंद्र मिश्र, ओम प्रकाश तिवारी, बृजेंद्र शुक्ल, अजीत सिंह, मो. जहीर, मो. सलीम, नईम हाशमी, लियाकत अली, निजामुद्दीन खान, अकबर अली आदि मौजूद रहे। (संवाद)

CS Scanned with CamScanner

# लाइसेंसी गया जेल, शराब की दुकान सील, नोटिस

**बाबागंज।** बाबागंज की अंग्रेजी शराब की दुकान को गुरुवार देर शाम को आबकारी टीम ने सील कर दिया है। आबकारी टीम ने यह कार्यवाही लाइसेंसी के एक आपराधिक मामले में जेल जाने पर की है।

जिला आबकारी अधिकारी उमेश चन्द्र पांडेय ने बताया कि जनपद के धानेपुर थाना क्षेत्र के बाबागंज बाजार में आबकारी विभाग ने राम प्रकाश वर्मा को अंग्रेजी शराब की दुकान का आवंटन किया था। हाल ही में रामप्रकाश वर्मा को उतरौला पुलिस ने एक आपराधिक मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रामप्रकाश को अदालत के समक्ष पेश किया। जहां से वह जेल भेज

## एनडीपीएस एक्ट के तहत उतरौला पुलिस ने किया था गिरफ्तार

दिया गया था। बताया कि आबकारी नियमों के मुताबिक जेल में निरुद्ध व्यक्ति लाइसेंसी नहीं हो सकता है। इसलिए राम प्रकाश वर्मा के नाम बाबागंज बाजार में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान को आबकारी निरीक्षक राम कुमार यादव की टीम ने गुरुवार देर शाम पहुंचकर सील कर दिया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि लाइसेंसी रामप्रकाश वर्मा के प्रतिनिधि को कार्यवाही का हवाला देते हुए नोटिस भी रिसीव कराकर जवाब तलब किया गया है। संवाद

CS Scanned with CamScanner

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

# कलेक्ट्रेट सभागार में आज होगी सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक

**बलरामपुर।** कांवड यात्रा व बकरीद के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में 17 जुलाई को सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक की जाएगी। अपर उप जिला मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को बताया सावन माह में शिव मंदिरों पर जलाभिषेक व कांवड़ यात्रा और बकरीद आदि को सौहार्द व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 17 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक डीएम की अध्यक्षता में की जाएगी। बैठक में डीएम संबंधित अधिकारियों से तैयारी आदि के बारे में समीक्षा करेंगी। सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में सभी अधिकारियों को डीएम ने समय से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। संवाद

# 30 पुलिस कर्मियों को मिला प्रमाण पत्र



**बलरामपुर।** परियोजना यूपी 112 के तत्वाधान में रिजर्व पुलिस लाइन में 9 दिवसीय रेफरेशर प्रशिक्षण शुक्रवार को पूरा हो गया। प्रशिक्षण के बाद 30 पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र दिया गया। सीओ ललिया ने पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि सभी को बेहतर पुलिसिंग की दिशा में कार्य करना है। वर्तमान समय में समाज में बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए सभी पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य करना होगा। रिजर्व पुलिस लाइन में सात मुख्य आरक्षियों, 16 आरक्षियों व सात महिला आरक्षियों को 9 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर यूपी 112 के एसआई नरेंद्र कुमार, आरक्षी प्रवीण कुमार यादव, एमडीएसएल के प्रशिक्षकगण मौजूद रहे। संवाद

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बहराइच ।** मुर्तिहा कोतवाली में तैनात सिपाही बृजेश यादव, अमित यादव शुक्रवार को मध्याह्न गश्त पर मधवापुर की ओर से निकल रहे थे। एक संदिग्ध को रोका। तलाशी में उसके पास थैले में प्लास्टिक केन में 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मधवापुर के मजरे कोलिहार निवासी ढोला के रूप में हुई। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्यवाई की गई है।

# एसपी ने औचक निरीक्षण किया

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह शुक्रवार को दो अचानक हरदी थाने पहुंची तो मौजूद पुलिस कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते थाने का स्टाफ अलर्ट हो गया। एसपी सीधे थाने के दीवान कार्यालय में पहुंची। यहां अभिलेखों का रख-रखाव देखा। कार्यालय की अच्छी स्थिति पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने विभिन्न अभिलेखों पर भी नजर डाली। जिस समय पुलिस अधीक्षक थाने पहुंची उस समय एसएचओ सोनम हत्याकांड की तहकीकात को लेकर बाहर थे।

एसपी ने बंदी गृह, थाना परिसर की साफ-सफाई देख बेहतर व्यवस्था को लेकर खुशी जताई। थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का निरीक्षण कर वहां की स्थितियों की जानकारी ली गई। अभिलेखों के उचित रख- रखाव के लिए संबंधित हेड मोहर्रिर को निर्देशित किया गया।

बकरीद व कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधिकारियों ने थानों में बैठक की, कहा-शांति से मनाएं त्योहार

# सलाह: अराजक तत्वों कड़ी नजर रखें

## सतर्कता

बहराइच | संवाददाता

जिले के विभिन्न थानों के कांवड़ यात्रा और बकरीद त्यौहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठकें की गईं। पुलिस अफसरों ने कहा कि अराजक तत्वों का कोई धर्म नहीं होता है, उन पर कड़ी नजर रखें। बकरीद पर कुर्बानी के बाद अवशेष को इधर उधर न फेकें। उसे गड्ढा खोदकर दबा दें। थाना परिसर में आगामी श्रावण मास के समय होने वाली कांवर यात्रा शान्तिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की।

रुपईडीहा संवाददाता के अनुसार शुक्रवार को थाने में बैठक का संचालन करते हुए डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सनत कुमार शर्मा ने कहा कि थाना क्षेत्र में कहीं भी हिन्दू- मुस्लिम पर्वों को लेकर न कोई विवाद रहा और न है। कोई छोटा- मोटा विवाद रहा भी है तो उसे मिल बैठ कर सुलझा लिया गया है। नानपारा के उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा ने कहा कि हिन्दू मुस्लिम दोनों त्योहारों को भाई चारे के साथ मनाएं। असामाजिक तत्वों का कोई जाति व धर्म नहीं होता। दोनों कौमे असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। कुर्बानी के बाद अवशेष इधर- उधर न फेकें। गड्ढे खोद कर मिट्टी से पाट दें। कुर्बानी से निकलने वाले खून को नालियों में न बहाएं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा डॉ. जंग बहादुर यादव ने कहा कि शासन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए 50 से अधिक लोग एक साथ नमाज न पढ़ें। सामाजिक दूरी बनाए रखें। कांवर यात्रा का केस सर्वोच्च न्यायालय में चल रहा है। दिशा निर्देश आते ही आप लोगों को अवगत करा दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को कोविड-19 के बारे में सुरक्षित रहने के उपाय बताए। इस अवसर पर थाने के दरोगा रूदल बहादुर सिंह, सिपाही वीरेंद्र गुप्ता व प्रमोद वर्मा, पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबेर फारूकी, भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य रमेश कुमार अमलानी, शांति कमेटी के अध्यक्ष कमल मद्देशिया, प्रधान अंसार बाबू अंसारी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना कशीद, मौजूद रहे।

विशेश्वरगंज के थाना प्रभारी बीके सिंह की ओर से शनिवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमे एसडीएम केपी भारती ने कहा कि आगामी त्यैहार को लेकर सतर्कता बरतने बरतने की जरूरत है। त्यौहारों की खुशी में खलल डालने वाले किसी भी प्रकार के अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रतिबंधित कुर्बानी किसी भी कीमत पर नहीं होगी।

## त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

नवाबगंज। नवाबगंज थाने में आयोजित बैठक में त्यौहार को शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ मनाए जाने के लिए अपील करते हुए सीओ जंगबहादुर ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र से आए दोनों समुदाय के लोगों से त्यौहार मनाए जाने को लेकर किसी प्रकार की समस्या के बारे में पूछताछ की। लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करें।



नवाबगंज थाने में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग

## कुर्बानी स्थल पर गंदगी न होने दें

नानपारा। त्यौहारों को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर नगरपालिका मैरिज हाल में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीएम नानपारा राम आसरे वर्मा ने कहा कि पुरानी गाइड लाइन के अनुसार मनाया जाएगा। बकरीद के त्यौहार साथ ही कोविड- 19 का विशेष ध्यान रखा जायगा।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कोविड 19 से बचाव के लिए सभी से टीक लगवाने को कहा। जिससे आने वाली तीसरी लहर से बचाव हो सके।

# पुलिस ने नामजद पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा

बहराइच | संवाददाता

## रिंकी हत्याकांड

- जून के दूसरे सप्ताह में हुई थी वारदात, दहेज हत्या का दर्ज हुआ था केस
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुदकुशी की पुष्टि हुई थी

जून के दूसरे सप्ताह में एक विवाहिता फंदे से लटकी पाई गई थी। मृतका के मायके वालों ने दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि होने पर खुदकुशी को उकसाने की धारा लगाई गई थी। पुलिस ने शुक्रवार को नामजद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि कैसरगंज थाने के गोड़हिया नम्बर एक में आठ जून को रिंकी सिंह उर्फ रिंका पत्नी बजरंग सिंह की लाश कुंडे से लटकती मिली थी। मृतका के परिजन विशेश्वरगंज थाने के गांगू देवर निवासी सूर्य कुमार सिंह ने दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेंगिंग से मौत की पुष्टि हुई थी। विवेचना में यह तथ्य प्रकाश में आया कि पति बजरंग सिंह उसका उत्पीड़न करता था। जिसके चलते एफआईआर में दहेज हत्या की धाराओं को हटाकर खुदकुशी को उकसाने की धारा परिवर्तित की गई। शुक्रवार को एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, सिपाही श्याम सुन्दर ने दबिश देकर बजरंग सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सीतापुर से बहनोई और उसका भाई गिरफ्तार

**हिन्दुस्तान फालोअप**

**बहराइच | संवाददाता**

किशोरी ने बहनोई के भाई से मोबाइल पर लम्बे समय तक बात की। इसकी भनक बहनोई को लगी तो उसने साली को मोबाइल से काल कर अभद्रता पूर्ण डांट लगाई। उसने ससुर से शिकायत करने की धमकी दी। नतीजतन उसने गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। मौत की वजह हैंगिंग आई है। पुलिस ने सीतापुर में दबिश देकर मृतका के बहनोई व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

हरदी थाने के एरिया गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी की लाश गुरुवार को सुबह उसके कमरे में पाई गई थी। गले पर चोट व सूजन जैसे लक्षण मिले थे। इस मामले में पुलिस ने हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया था। मृतका का पिता, व छोटा भाई दिल्ली में थे। जबकि बड़ा भाई पिकप लेकर लखनऊ गया था। घर पर मृतका की मां ही थी। एसपी सुजाता सिंह ने एरिया गांव के घटना स्थल पर पहुंच कर तहकीकात का ब्यौरा लेकर

### बहनोई ने फटकारा था

- बहनोई ने साली को अभद्रता पूर्ण फटकार लगाते हुए ससुर से शिकायत करने की धमकी दी थी
- किशोरी ने गले में फंदा डालकर की खुदकुशी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि

एसएचओ भानुप्रताप सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। पुलिस तत्काल हरकत में आ गई थी। सर्विलांस की मदद ली गई। कड़ी जुड़ी तो पुलिस को सफलता मिलती चली गई।

तहकीकात में क्लू मिलते ही पुलिस टीम ने सीतापुर जिले के रेऊसा में दबिश देकर मृतका के बहनोई राकेश यादव व उसके छोटे भाई सर्वेश यादव को हिरासत में लेकर थाने लाई। पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ कि बुधवार देर रात तक किशोरी की सर्वेश से मोबाइल पर बात हुई। इसकी जानकारी राकेश को हुई तो उसने साली को मोबाइल से काल कर अभद्रता पूर्ण फटकार लगाई और अपने ससुर से करने की धमकी दी। एसएचओ के मुताबिक इसी प्रताड़ना से किशोरी ने गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह हैंगिंग आई है।

# गैंगरेप का एक और आरोपी गिरफ्तार

**हिन्दुस्तान फॉलोअप**

**कैसरगंज | संवाददाता**

कैसरगंज के एक गांव में रविवार रात किशोरी के अपहरण व गैंगरेप मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस मामले में अब तक दो गिरफ्तारी हो चुकी हैं।

कैसरगंज थाने के एक गांव निवासिनी 15 वर्षीय किशोरी का रविवार की रात तीन युवकों ने सोते समय अपहरण कर गैंगरेप की वारदात की थी। बेहोश किशोरी को बोरी में भर कर दूसरे गांव में फेंककर आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में सोमवार को एसपी सुजाता सिंह के दौरे के बाद केस दर्ज किया था।

## परिवार को मदद करने का आश्वासन दिया

बहराइच। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष दीपक त्रिवेदी के नेतृत्व में गुरुवार की देर शाम एक प्रतिनिधिमंडल कैसरगंज थाने के उस गांव में पहुंचा। जहां शनिवार रात एक किशोरी का किडनेप कर गैंगरेप की वारदात हुई थी। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता को परिवार से मुलाकात की। त्रिवेदी ने पीड़िता के परिजनों को हर संभव मदद करने के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अफसरों से सम्पर्क किया जाएगा। इस कांड की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। जबतक पुलिस सभी दोषियों को गिरफ्तार नहीं कर लेती, तब तक संगठन के पदाधिकारी चैन से नहीं बैठेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पंडित विक्रम पांडेय, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय, तहसील अध्यक्ष महेश त्रिपाठी, ब्लॉक महामंत्री अमरेश पांडेय, संदीप गौड़, राहुल पांडेय आदि मौजूद रहे।

एसएचओ हर्षवर्धन सिंह के अनुसार शुक्रवार को दरोगा गजेन्द्र यादव, सिपाही राजकुमार गौतम ने एक नामजद आरोपी गोड़हिया नम्बर एक के मजरे बैदूपुरवा निवासी मनोज वर्मा को गुथिया चौराहे से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। एक आरोपी ओमप्रकाश को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

# नारी शक्ति के प्रयास से थाने में युगल का हुआ निकाह

बहराइच | **संवाददाता**

रानीपुर के जिहुरा माफी में एक युवती व बौंडी के ठाकुरपुरवा के एक युवक के बीच लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार के लोग रजामंद नहीं हो रहे थे। युगल ने नारी शक्ति टीम से सम्पर्क साधा। उनका प्रयास सफल रहा, दोनों का निकाह थाने में ही काजी ने सम्पन्न कराया।

रानीपुर थाने के रानीपुरवा निवासिनी रेशमा पुत्री बरकत अली का प्रेम सम्बन्ध बौंडी थाने के ठाकुरपुरवा निवासी शाहिद पुत्र साबिर से लम्बे समय से चल रहा था। दोनों के परिवार के लोग रजामंद नहीं हो रहे थे। युगल बौंडी थाने की नारी शक्ति टीम से मिले।

## रजामंदी

- बौंडी थाने में दोनों पक्षों के लोग जुटे
- निकाह के बाद लोगों ने वर वधू को दी मुबारकबाद

नारी शक्ति टीम ने दोनों परिवारों को समझाया। दोनों की आपसी रजामन्दी से थाना बौण्डी परिसर में काजी अब्दुल कादिर द्वारा मुस्लिम रीति- रिवाज से शुक्रवार को निकाह सम्पन्न कराया। जिसमें गांव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों व थाना बौण्डी का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। दोनों ने एक-दूसरे को पति-पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इस कार्य की क्षेत्र में काफी चर्चा है।

# मोबाइल के लेनदेन पर मारपीट में गिरफ्तार

**बहराइच।** रामगांव थाने के गढ़वा गांव में शुक्रवार को मध्याह्न बब्बू सिंह मोबाइल के लेनदेन को लेकर एक युवक से मारपीट करने लगा। इसकी भनक लगते ही थानाध्यक्ष अभय सिंह ने उपनिरीक्षक धर्मवीर, हेड कांस्टेबल विनय कुमार यादव को मौके पर भेजा। पुलिस ने बब्बू सिंह को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। उसे एसडीएम कोर्ट पर पेश किया गया है।

# दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**संसू, कैसरगंज** (बहराइच) : गत दिनों हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया है। एसएचओ हर्षवर्धन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की धारा 363, 376 डी व पाक्सो का वांछित अभियुक्त मुथिया मोड़ के पास खड़ा है। तत्काल निरीक्षक अपराध गजेंद्र राय को सिपाहियों के साथ मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बैंदपुरवा गोड़हिया नंबर एक निवासी मनोज वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया।

# छात्रा की मौत के मामले में दो गिरफ्तार

**संसू, महसी:** बुधवार की रात हरदी थाना क्षेत्र के एरिया में 11वीं की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने छात्रा के बहनोई व उसके भाई को गिरफ्तार किया। आरोपी सीतापुर जिले के रहने वाले हैं। एसओ भानू प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक छात्रा सोनम यादव का बहनोई राकेश यादव सीतापुर जिले के रेऊसा थाना क्षेत्र के बम्हिया गांव में रहता है। एसओ ने बताया कि बहनोई राकेश व उसका छोटे भाई सर्वेश उर्फ छोटू ने बुधवार को सोनम से फोन पर कई बार बात की। किसी बात को लेकर राकेश ने सोनम से गाली-गलौज की। इससे आहत होकर सोनम ने आत्महत्या कर ली। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

# थाने में निकाह, पुलिसकर्मी गवाह



बौंडी थाना परिसर में प्रेमी युगल का निकाह पढ़ाते काजी मौलाना अब्दुल कदीर( दाएं से दूसरे) ● जागरण

**संसू, बौंडी (बहराइच):** शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने प्रेमी युगल की जिंदगी का फैसला दोनों के पक्ष में कर दिया। गहमा-गहमी के बीच थाने में घंटों चली पंचायत के बाद प्रेमी युगल के परिवारजन निकाह को राजी हुए। तत्काल कस्बे से काजी मौलाना अब्दुल कदीर को थाने पर बुलाया गया। काजी ने प्रेमी युगल का निकाह पढ़ाया। क्षेत्र के संभ्रांत लोग, परिवारजन समेत पूरा थाना गवाह बना।

निकाह कबूल लेने के बाद एसओ बौंडी ने युगल जोड़े को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। विवादित प्रकरण लेकर थाने आए प्रेमी युगल थाने से दंपती के रूप में विदा हुए। मामला बौंडी थाना क्षेत्र के जिहुरा माफी ग्राम पंचायत के ठकुरनपुरवा गांव से जुड़ा हुआ है। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का ठकुरनपुरवा गांव निवासी शाहिद अली से बीते एक साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

परिवारजन के दबाव के बाद भी प्रेमी युवक व परिवारजन निकाह को रजामंद नहीं थे। युवती ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने परिजनों को बुलाया। घंटों बाद निकाह पर सहमति बन गई। परिवारजन की मौजूदगी में थाने पर काजी बुलाए गए और निकाह पढ़ाकर पति-पत्नी के रूप में मान्यता दे दी गई।

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बौंडी : गुरुवार को नौशहरा गांव निवासी छेड़छाड़, पाक्सो एक्ट, गाली-गलौज व मारपीट के आरोपित फुन्नीलाल को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। एसओ बौंडी मनोज कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तारी टीम में एसएसआइ रघुवीर गौतम, आरक्षी सचिन चौधरी, सचींद्र शामिल रहे। (संसू)

# जीजा के डांटने पर लगाई थी फांसी

## डेढ़ घंटे फोन बिजी रहने पर दी थी ससुर-साले से शिकायत की धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** एरिया गांव में बृहस्पतिवार को हुई छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने चौंका देने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने दावा किया है कि छात्रा की हत्या नहीं हुई थी बल्कि छात्रा का फोन डेढ़ घंटे तक लगातार बिजी जाने के बाद जीजा की फटकार से आहत होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका अपने जीजा के छोटे भाई से बात कर रही थी। उसी के बाद जीजा ने फोन करके छात्रा को डांटा और छोटे भाई से बात करने की बात ससुर व साले से बताने की धमकी दी। छात्रा ने बेइज्जती के डर से आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने जीजा व उनके छोटे भाई को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरदी थाना क्षेत्र के एरिया गांव निवासी सुशीला देवी के 17 वर्षीय बेटी सोनम यादव का बृहस्पतिवार की सुबह घर में शव मिला था। वह कक्षा 11 की छात्रा थी। मृतका की मां की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। एसपी सुजाता सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह को खुलासा करने का निर्देश दिया था। एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष ने जांच शुरू की तो मौत के राज का पर्दा परत दर परत उठता चला गया। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दावा किया है कि मृतक अपने जीजा राकेश यादव व उनके छोटे भाई सर्वेश यादव उर्फ छोटू से बात करती थी। मृतका सोनम जीजा व उनके भाई से काफी दिनों से बात करती रहती थी। बुधवार की रात वह जीजा के छोटे भाई सर्वेश यादव से बात कर रही थी। तभी जीजा भी फोन मिलाते रहे तो कभी बिजी बताए तो कभी इंगेज जाता रहा। लगभग डेढ़ घंटे से साली का फोन बिजी जाने की बात से जीजा बौखला गए और फोन मिलने पर साली को फटकार लगा दी। सहमी साली ने फोन पर उनके ही छोटे भाई से बात करने की बात बता दी। यह बात जीजा को नागवार गुजरी और उन्होंने ससुर व साले से बात कर पूरी कहानी बताने की धमकी दे डाली। इसके बाद उसने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



एरिया गांव में मौके पर जांच करतीं एसपी। - संवाद

### सीडीआर से खुला हत्या का राज

पुलिस ने छात्रा की हत्या का मामला 24 घंटे के अंदर खोलकर चौंका देने वाला खुलासा किया। खुलासे में सीडीआर काफी मददगार साबित हुआ। लंबी वार्ता की कहानी का राज पता चलने पर आरोपी हिरासत में लिए गए और उसके बाद सारा राज खुद कुबूल लिया। अब पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।

### “ अफवाह थी मुंह में कपड़ा ठूंसने की बात

हरदी थाना क्षेत्र के एरिया गांव में हुई घटना का खुलासा 24 घंटे के अंदर हो गया है। मृतका अपने जीजा व उनके छोटे भाई से बात करती थी। घटना की रात जीजा ने साली को फटकार लगाई थी जिससे आहत होकर उसे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मुंह में कपड़ा ठूंसने की बात अफवाह थी। पुलिस ने आरोपी दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। –
**सुजाता सिंह, एसपी, बहराइच**

**■ दबंगों ने दंपती को पीट-पीटकर किया अधमरा : बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के केवलपुर पिपरिया गांव निवासी कैलाश नाथ की जमीन पर दबंग कब्जा करने की नीयत से लकड़ी गाड़ रहे थे। विरोध पर कैलाश व उनकी पत्नी रेनू पर दबंग हमलावर हो गए। दबंगों ने दोनों को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। कैलाश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोपी संतराम को जेल भेज दिया गया है।

# थाने में निकाह, एक-दूजे के हुए शाहिद-रेशमा

**संवाद न्यूज एजेंसी**



बौंडी थाने में पुलिस की मौजूदगी में हुआ निकाह। -संवाद

**बहराइच।** एक साल से चोरी-छिपे चल रही प्रेम कहानी शुक्रवार को विवाह में बदल गई। पंचायत में बात बनी तो तत्काल काजी को बुलाया गया। काजी ने निकाह पढ़ा। थाने में विवाह हुआ और पुलिसकर्मी गवाह बने। दोनों को एक देखकर सब खुश हुए और पुलिसकर्मियों ने आशीर्वाद देकर थाने से विदा किया। अब एक-दूजे का हाथ थामकर युगल काफी खुश नजर आया। पुलिस के इस कार्य की सराहना भी क्षेत्र में हो रही है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ठाकुरपुरवा गांव निवासी शाहिद का पास के ही दूसरे गांव निवासी रेशमा से पिछले एक साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों ने कई बार हमेशा के लिए एक-दूसरे का होने के लिए निकाह करने की बात सोची, लेकिन परिजन आड़े आ रहे थे। इसी बीच दोनों परिवारों के संज्ञान में प्रेम-प्रसंग का मामला आया तो प्रेमी शादी करने से इंकार करने लगा। यह बात प्रेमिका के घरवालों को नागवार गुजरी। कई बार प्रेमी के घर मनाने के लिए भी गए, लेकिन बात नहीं बनी। थक हारकर अपना दर्द लड़की वाले पुलिस को सुनाने पहुंचे। बौंडी थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने प्रेमी व उसके

### घंटों गहमागहमी के बाद पंचायत में बनी बात, एक साल से चल रहा था प्रेम-प्रसंग

परिजनों को थाने बुलाया। थाने में पंचायत शुरू हुई। घंटों गहमागहमी चलती रही। पंचायत में लड़के व उसके परिजन विवाह करने की बात पर राजी हो गए। बात बनी तो तत्काल गांव के ही काजी अब्दुल कादिर को बुलाया गया। काजी ने निकाह पढ़ा। थाने में प्रेमी युगल का विवाह हुआ और उसके गवाह थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी व गांव के लोग बने। प्रेमी युगल की जोड़ी अब विवाह के बंधन में बंध गई है। सभी पुलिसकर्मियों व संभ्रांत लोगों ने आशीर्वाद दिया। दोनों परिवार के लोग हंसी-खुशी अपने घर चले गए।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-07-2021

# गर्भवती के साथ दुष्कर्म कर रहे युवक को दबोचा

जमुनहा | संवाददाता

मल्हीपुर थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। महिला घर में अकेली थी इस पर एक युवक घर में घुस गया और महिला के साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति मजदूरी करने के लिए बाहर रहता है। जबकि उसकी पत्नी रहती है जो गर्भ से है।

वहीं उसकी मां भी बगल के दूसरे घर में रहती है। गुरुवार की रात महिला को अकेला पाकर थाना क्षेत्र के जमुनहा गांव निवासी नफीस पुत्र साधू खां घर में घुस गया गर्भवती महिला के साथ मारपीट करते हुए उसका मुंह बंद कर दिया जिससे वह शोर न मचा सके। इसके बाद नफीस ने महिला के साथ जबरन बलात्कार किया। इस बीच महिला आरोपी के पकड़ को ढील पाकर शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनते ही महिला की सांस पड़ोसियों के साथ मौके पर पहुंच गई। लोगों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सूचित कर दिया।

पुलिस के मौके पर पहुंचते ही लोगों ने आरोपी युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आरोपी को लेकर थाने चली आई। महिला की सास ने जमुनहा पुलिस चौकी पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म करने की तहरीर दी। पुलिस मामले में कार्रवाई करने में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने कहा कि आरोपी के विरुद्ध वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# एक वाहन सीज 21 का कटा चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गुरुवार को सभी चेक पोस्टों पर पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग की गई साथ ही यातायात पुलिस ने भी विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया। वाहन चेकिंग के दौरान 107 वाहनों के कागजात, सीट बेल्ट व हेलमेट के साथ ही वाहन में सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया। इसमें 22 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों में से एक वाहन को सीज कर दिया गया साथ ही 21 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। चालान किए गए वाहन स्वामियों पर 53 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया।

# चोरी की योजना बनाते दो लोग गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना थाने के प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी व उपनिरीक्षक शिवकुमार शर्मा गुरुवार की रात टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बस स्टेशन परिसर में शौचालय के निकट कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में इनकी पहचान चिचड़ी गांव निवासी अवधेश यादव व भिनगा रोड साई मंदिर निवासी राजेश यादव के रूप में हुई। दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। (संसू)

# संपूर्ण समाधान दिवस आज

**श्रावस्ती :** जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। लगभग तीन माह बाद दिवस का आयोजन होने जा रहा है। शासन ने अब माह के पहले व तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने का फैसला लिया है। (संसू)

# शांति भंग में नौ को पकड़ा

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

## चोरी की योजना बनाते तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने गत दिवस मुजम्मिल निवासी नेपाल के जिला बांके अंतर्गत बनिया गांव, नूर आलम निवासी महतनिया थाना भगवानपुर जिला बांके व करीम निवासी महतनिया को चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके विरुद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई किया है। संवाद

## 21 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न चेकपोस्ट, बैरियर सहित संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 107 वाहनों की जांच कर एक वाहन को सीज व 21 वाहनों का चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 53000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। वहीं पुलिस ने बृहस्पतिवार शाम बिना मास्क के टहल रहे 72 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 9200 रुपए जुर्माना वसूला। संवाद

## कोविड नियम उल्लंघन पर 72 पर हुई कार्रवाई

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। दैनिक भ्रमण व गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वाल लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। गुरुवार को 72 लोगों को कोविड नियम का उल्लंघन करते पाया गया। इन लोगों का चालान कर नौ हजार 200 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही लोगों से कहा कि वे संकट के समय पुलिस के डायल 112 पर सम्पर्क कर मदद ले सकते हैं। पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।